■ ज्येष्ठ कृष्णा - 14 ■ संवत 2082 ■ वर्ष - 12 ■ अंक - 296 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » सोमवार » 26-05-2025 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 लालू प्रसाद ने तेजप्रताप यादव को राजद से निष्कासित किया, पारिवारिक संबंध भी तोड़े

6 सेना में दिखने लगा महिला शक्ति का दम

7 'पुष्पा इपॉसिबल' में दर्शकों को रोमांचक सफर देखने को मिलेगा : गौरव चोपड़ा

## फर्स्ट टेक

### रूस, यूक्रेन ने बंदियों की अदला-बदली की

**कीव/एपी।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूस तथा यूक्रेन ने रविवार को सैकड़ों और बंदियों की अदला-बदली की। यह इस तरह की अदला-बदली का तीसरा चरण है। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष ने 303-303 सैनिकों को रिहा किया है जबकि शनिवार को 307-307 लड़ाकों और असैन्य नागरिकों को तथा शुक्रवार को 390-390 बंदियों को रिहा किया गया था। यह घोषणा यूक्रेन की राजधानी कीव और देश के अन्य क्षेत्रों पर लगातार दूसरी रात रूस द्वारा किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों के कुछ घंटों बाद आई है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि इन हमलों में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई तथा दर्जनों घायल हो गए।

### हूतियों की मिसाइल को नष्ट किया : इजराइल

**यरुशलम/एपी।** इजराइली सेना ने कहा कि उसने रविवार को यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा दागी गई एक मिसाइल को नष्ट कर दिया। मिसाइल दागे जाने के कारण यरुशलम और अन्य इलाकों में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। किसी के हताहत होने या नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। ईरान समर्थित हूतियों ने इजराइल के साथ-साथ लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय जहाजों को निशाना बनाकर बार-बार मिसाइल हमले किए हैं, और इसे गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के हमलों की प्रतिक्रिया बताया गया है। लेकिन जिन पोतों को निशाना बनाया गया है, उनमें से ज्यादातर का इजराइल या संघर्ष से कोई लेना-देना नहीं है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पीओके पर कब्जा क्यों नहीं किया गया : बेनीवाल

**जयपुर/भाषा।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के प्रमुख हनुमान बेनीवाल ने रविवार को सवाल उठाया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पीओके पर कब्जा क्यों नहीं किया गया। नागौर से सांसद बेनीवाल ने यहां 'आक्रोश रैली' में कई मुद्दों को लेकर केंद्र व राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि बीकानेर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया रैली विफल रही और इसमें जगह भरने के लिए सरकारी कर्मचारियों को बुलाया गया था। बेनीवाल ने कहा, ''प्रधानमंत्री की बीकानेर में आयोजित रैली में भाजपा के मंत्रियों, नेताओं तथा तमाम साधन संसाधन लगाने के बावजूद जगह को भरने के लिए सरकारी कर्मचारियों को ले जाना पड़ा। फिर भी टैंट नहीं भरा।''



| | |
|---|---|
| 25-05-2025 सूर्यास्त 6:30 बजे | 26-05-2025 सूर्योदय 5:41 बजे |
| BSE 81,721.08 (+769.09) | NSE 24,853.15 (+243.45) |
| सोना 10,098 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 111,000 रु. प्रति किलो |

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### दागी देश

कैसा चरित्र जन का होगा,
जनप्रतिनिधि यदि होंगे दागी।
गुण्डों की होगी मौज बड़ी,
सब भ्रष्ट बनेंगे सहभागी।
होगा समाज में विचलन तब,
सारे होंगे रोगी-रागी।
हर तरफ अराजकता होगी,
सड़कों पर घूमेंगे बागी।।

---

राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा

# पीछे छूटे लोगों को मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक कदम है जातिगत जनगणना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ राजग के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की हुई बैठक में सशस्त्र बलों की वीरता और मोदी के साहसिक नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया।

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि जातिगत जनगणना उनकी सरकार के उस मॉडल की दिशा में एक कदम है जो हाशिये पर पड़े और हर क्षेत्र में पीछे रह गए लोगों को विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता देश की आत्मनिर्भरता की दिशा में हासिल की गई उपलब्धियों की पुष्टि भी है। उन्होंने स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी की सटीकता को भी रेखांकित किया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने संवाददाताओं को बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) जाति की राजनीति में विश्वास नहीं करता, लेकिन जातिगत जनगणना से विकास के विभिन्न क्षेत्रों में पीछे छूट गए लोगों को मदद मिलेगी।

राजग के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की रविवार को हुई बैठक में सशस्त्र बलों की वीरता और मोदी के साहसिक नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया।

प्रस्ताव राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेश किया और शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इसका समर्थन किया।

सूत्रों ने बताया कि प्रस्ताव में कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीयों का आत्मविश्वास बढ़ाया है।

मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए इसमें कहा गया कि उन्होंने हमेशा सशस्त्र बलों का समर्थन किया है और ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों को करारा जवाब दिया है।

प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह के अलावा राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा भी एक दिवसीय बैठक में शामिल हुए।

इस बैठक में करीब 19 मुख्यमंत्री और इतने ही उपमुख्यमंत्री मौजूद रहे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जातिगत गणना पर प्रस्ताव पेश किया।

बैठक के दौरान मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की पहली वर्षगांठ और सुशासन के मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इस सम्मेलन में विचार-विमर्श का एक महत्वपूर्ण हिस्सा विभिन्न राज्यों की राजग सरकारों द्वारा अपनाए गए सर्वोत्तम तरीकों पर केंद्रित था।

---

# बदलते भारत की तस्वीर है 'ऑपरेशन सिंदूर': मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' महज एक सैन्य मिशन नहीं है, बल्कि यह ''बदलते भारत की तस्वीर'' है जो वैश्विक मंच पर देश के संकल्प, साहस और बढ़ती ताकत को दर्शाती है।



प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, ''आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, गुस्से से भरा हुआ है और दृढ़ संकल्पित है।

मोदी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया और इसे भारत की बढ़ती ताकत एवं उद्देश्य की स्पष्टता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, '' 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में नए आत्मविश्वास और ऊर्जा का संचार किया है। उन्होंने सीमा पार आतंकवादी ढांचे पर भारतीय सेना द्वारा किए गए सटीक हमलों को ''असाधारण'' बताकर उनकी प्रशंसा की।

मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि यह 'ऑपरेशन' एक बार की सैन्य कार्रवाई नहीं है, बल्कि यह बदलते एवं दृढ़ संकल्पित भारत का प्रतिबिंब है। उन्होंने 'ऑपरेशन' के देश भर में पड़े प्रभाव पर बात करते हुए कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है।

'ऑपरेशन' की सफलता के बाद लोगों ने सशस्त्र बलों के सम्मान में सोशल मीडिया पर देशभक्ति की कविताएं साझा कीं, बच्चों ने चित्रकारी की और विशाल तिरंगा यात्रा निकालने जैसे कई तरह के कदम उठाए गए।

मोदी ने कहा, ''कई शहरों में युवाओं ने नागरिक सुरक्षा के लिए स्वेच्छा से काम किया, कविताएं लिखीं, संकल्प के गीत गाए और बच्चों ने मजबूत संदेश देने वाली चित्रकारी की। उन्होंने बीकानेर की अपनी हालिया यात्रा के बारे में बात की, जहां उन्हें बच्चों द्वारा की गई चित्रकारी उपहार में दी गई थी।

---

### भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना : नीति आयोग सीईओ

**नई दिल्ली/भाषा।** नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। सुब्रह्मण्यम ने नीति आयोग शासी परिषद की 10वीं बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि कुल मिलाकर वैश्विक और आर्थिक माहौल भारत के अनुकूल है। उन्होंने कहा, ''मैं जब बोल रहा हूं, तब हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। आज हम 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के आंकड़ों का हवाला देते हुए सुब्रह्मण्यम ने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था जापान से बड़ा है। उन्होंने कहा, ''केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी ही भारत से बड़े हैं और अगर हम अपनी योजना और सोच पर कायम रहते हैं, तो ढाई-तीन साल में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। भारत 2024 तक दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। उन्होंने कहा, ''अगर हम अपनी योजना और सोच-समझ पर कायम रहे, तो 2.5-3 साल में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे।

---

# आतंकवाद साझा समस्या है : थरूर

## हम सभी को मिलकर इसका मुकाबला करना चाहिए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ हम यह याद दिलाने के लिए यहां आए हैं कि यह एक साझा समस्या है। हम पीड़ितों के साथ एकजुटता की भावना दर्शाने के लिए भी यहां हैं। इन पीड़ितों में भारतीय भी शामिल थे... यह एक वैश्विक समस्या है, एक अभिशाप है और हम सभी को इससे एकजुट होकर लड़ना चाहिए। यह संदेश देना बहुत महत्वपूर्ण था।

**न्यूयॉर्क/भाषा।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय सांसदों के एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने न्यूयॉर्क में 9/11 स्मारक जाकर आतंकवादी हमलों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी, उनके प्रति एकजुटता व्यक्त की और इस बात पर जोर दिया कि दुनिया को आतंकवाद की ''साझा समस्या'' के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होना होगा।

यह स्मारक नौ सितंबर 2001 में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की याद में बनाया गया है।

थरूर ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल एकजुटता दर्शाने के लिए 9/11 स्मारक पहुंचा और यह ''हमारे लिए बहुत ही मार्मिक क्षण'' था। उन्होंने 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य एक बहुत मजबूत संदेश देना भी था कि ''हमारे अपने देश में एक और आतंकवादी हमले के बाद हम यहां एक ऐसे शहर में हैं जो उस क्रूर आतंकवादी हमले के निशान अब भी झेल रहा है।

थरूर ने कहा कि अमेरिका की तुलना में भारत को ''बहुत अधिक संख्या में आतंकवादी हमलों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने शनिवार को कहा, ''हम यह याद दिलाने के लिए यहां आए हैं कि यह एक साझा समस्या है। हम पीड़ितों के साथ एकजुटता की भावना दर्शाने के लिए भी यहां हैं। इन पीड़ितों में भारतीय भी शामिल थे... यह एक वैश्विक समस्या है, एक अभिशाप है और हम सभी को इससे एकजुट होकर लड़ना चाहिए। यह संदेश देना बहुत महत्वपूर्ण था।

शनिवार दोपहर न्यूयॉर्क पहुंचा प्रतिनिधिमंडल 'लोअर मैनहट्टन' में 'नेशनल सितंबर 11 मेमोरियल एंड म्यूजियम' गया और उसने 'मेमोरियल पूल' पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी भी मौजूद थे।

---

# भारत को इतना शक्तिशाली बनाएं कि कई ताकतें मिलकर भी उसे हरा न सकें : भागवत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ विश्व में कुछ ऐसी दुष्ट शक्तियां हैं जो स्वभाव से आक्रामक हैं। हमारे पास कोई और विकल्प नहीं है। हमें शक्ति संपन्न होना ही पड़ेगा क्योंकि हम अपनी सभी सीमाओं पर दुष्ट लोगों की दुष्टता देख रहे हैं।

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू समाज में एकता और भारत को सैन्य शक्ति एवं अर्थव्यवस्था की दृष्टि से इतना शक्तिशाली बनाने का आह्वान किया है कि ''कई शक्तियां एक साथ आकर'' भी इस पर ''जीत'' हासिल न कर सकें।

हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ताकत को सद्गुणों और नीतिपरायणता के साथ जोड़ा जाना चाहिए क्योंकि ''मात्र पाशविक शक्ति'' दिशाहीन हो सकती है और ''घोर हिंसा'' को जन्म दे सकती है। उन्होंने आरएसएस से जुड़ी साप्ताहिक पत्रिका पाञ्चजन्य के ताजा संस्करण में प्रकाशित साक्षात्कार में कहा कि भारत के पास शक्तिशाली होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि वह अपनी सभी सीमाओं पर ''बुरी ताकतों की दुष्टता देख रहा है।

यह साक्षात्कार लगभग दो महीने पहले बेंगलूरु में आरएसएस की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के बाद किया गया।

राष्ट्रीय सुरक्षा, सैन्य शक्ति और आर्थिक शक्ति पर संघ के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर भागवत ने कहा, ''हमें बल संपन्न होना ही पड़ेगा। संघ में प्रार्थना की पंक्ति ही है-'अजय्यां च विश्वस्य देहीश शक्तिम्' (हमें इतनी शक्ति दीजिए कि हमें विश्व में कोई न हरा सके)।

---

## बांग्लादेश के दो 'चिकन नेक' सिलीगुड़ी कॉरिडोर से भी अधिक असुरक्षित : हिमंत

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि जो लोग 'चिकन नेक कॉरिडोर' पर भारत को 'आदतन धमकी' देते हैं, उन्हें ध्यान देना चाहिए कि बांग्लादेश में जमीन के दो ऐसे संकरे क्षेत्र हैं, जो 'कहीं अधिक असुरक्षित' हैं।



भारत का चिकन नेक, जिसे सिलीगुड़ी कॉरिडोर के नाम से जाना जाता है, भूमि की एक संकरी पट्टी है, जिसकी चौड़ाई लगभग 22-35 किमी है, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र को शेष भारत से जोड़ता है।

शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जो लोग आदतन भारत को 'चिकन नेक कॉरिडोर' पर धमकाते रहते हैं, उन्हें ये तथ्य भी ध्यान में रखना चाहिए: बांग्लादेश में भी दो 'चिकन नेक' हैं। दोनों ही बहुत ज्यादा असुरक्षित हैं। पहला है 80 किलोमीटर लंबा उत्तरी बांग्लादेश कॉरिडोर- दखिन दिनाजपुर से दक्षिण पश्चिम गारो हिल्स तक। यहां कोई भी व्यवधान, पूरे रंगपुर डिवीजन को बांग्लादेश के बाकी हिस्सों से पूरी तरह से अलग कर सकता है।

---

## चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर 19 जून को होगा उपचुनाव

**नई दिल्ली/भाषा।** निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि चार राज्यों की पांच विधानसभा सीट पर 19 जून को उपचुनाव होगा। चुनाव अधिकारियों के अनुसार, गुजरात में दो विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा तथा केरल, पश्चिम बंगाल और पंजाब में एक-एक सीट पर उपचुनाव होगा। मतगणना 23 जून को होगी। गुजरात में कडी सीट पर उपचुनाव विधायक करसनभाई पुंजाभाई सोलंकी के निधन के कारण आवश्यक हो गया है। राज्य में विसावदर सीट पर उपचुनाव मौजूदा सदस्य भयानी भूपेंद्रभाई गंडूभाई के इस्तीफे के कारण हो रहा है। केरल में पी.वी. अनवर के इस्तीफे की वजह से नीलांबुर सीट पर उपचुनाव होगा, जबकि पंजाब की लुधियाना सीट पर मौजूदा सदस्य गुरप्रीत बस्सी गोगी के निधन के कारण उपचुनाव होगा। पश्चिम बंगाल में कालीगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव मौजूदा विधानसभा सदस्य नसीरुद्दीन अहमद के निधन के कारण आवश्यक हो गया है।

---

# लाइबेरियाई जहाज डूबा, चालक दल के सभी 24 सदस्य बचाए गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





■ जहाज पर कुल 640 कंटेनर लदे थे जिनमें से 13 में खतरनाक सामग्री थी।

**कोचि/नई दिल्ली/भाषा।** केरल अपतटीय क्षेत्र में 640 कंटेनर ले जा रहा लाइबेरियाई मालवाहक जहाज समुद्र में पलटकर डूब गया है, जिससे संभावित तेल रिसाव की आशंका पैदा हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि जहाज पर कुल 640 कंटेनर लदे थे जिनमें से 13 में खतरनाक सामग्री थी। अधिकारियों ने बताया कि मालवाहक जहाज से चालक दल के सभी 24 सदस्यों को बचा लिया गया है।

रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि अभी तक किसी तेल रिसाव की सूचना नहीं मिली है, क्योंकि भारतीय तटरक्षक बल ने प्रदूषण से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है, तटरक्षक बल भारतीय नौसेना के साथ मिलकर स्थिति पर नजर रख रहा है।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''25 मई की सुबह सात बजकर 50 मिनट पर, एमएससी ईएलएसए 3 तेजी से झुका और पलटकर डूब गया, इसका कारण पानी भरना था। बयान में कहा गया कि जहाज पर रखे 640 कंटेनरों में से 13 में रासायनिक रूप से संवेदनशील सामग्री थी, जबकि 12 कंटेनर कैल्शियम कार्बाइड से भरे हुए थे इसके अलावा जहाज़ में 84.44 मीट्रिक टन डीजल और 367.1 मीट्रिक टन 'फर्नेस ऑयल' लदा हुआ था।

चालक दल के 24 सदस्यों में से 21 को शनिवार को ही भारतीय तटरक्षक बल द्वारा बचा लिया गया था, तथा शेष तीन को बाद में आईएनएस सुजाता द्वारा बचाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि केरल के तट के आसपास का समुद्री पारिस्थितिक तंत्र बहुत संवेदनशील है, इसलिए भारतीय तटरक्षक बल ने प्रदूषण से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। उन्नत तेल रिसाव पहचान तकनीक से लैस तटरक्षक बल के विमान स्थिति की हवाई निगरानी कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय ने कहा, प्रदूषण प्रतिक्रिया उपकरण लेकर आईसीजी जहाज सक्षम घटनास्थल पर तैनात है। अभी तक तेल रिसाव की कोई खबर नहीं है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी कंटेनर या तेल के रिसाव को न छुएं जो समुद्र के किनारे आ सकता है। तटरक्षक बल ने पुष्टि की है कि जहाज में मरीन गैस ऑयल (एमजीओ) और अति निम्न सल्फर ईंधन तेल (वीएलएसएफओ) था।

# प्रतिस्पर्धी वैश्विक परिदृश्य के बावजूद भारत अवसरों की भूमि है: लोकसभा अध्यक्ष



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/जमशेदपुर/भाषा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि मौजूदा प्रतिस्पर्धी विश्व परिदृश्य के बावजूद भारत अवसरों की भूमि है।

बिरला जमशेदपुर में 'सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' के कौस्तुभ जयंती समारोह के दौरान एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में अपनी बौद्धिक क्षमता और नवीन विचारों, प्रौद्योगिकी और युवा एवं कुशल मानव संसाधनों के साथ दुनिया का नेतृत्व करने की पर्याप्त क्षमता है।

बिरला ने कहा कि दुनिया के बड़े उद्योग भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सुधारों को लाने और उद्योग-अनुकूल नीतियों को लागू करने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, ''अगर हम तेजी से बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए उद्योग-अनुकूल नीतियों को बनाना जारी रखते हैं, तो देश का सामाजिक-आर्थिक विकास गति पकड़ेगा। इस अवसर पर बिरला के अलावा केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और भाजपा सांसद विद्युत बरन महतो भी मौजूद थे।

बिरला दिन में इसके पहले दो दिवसीय झारखंड दौरे के तहत रांची पहुंचे और और पुरानी सेंट्रल जेल स्थित बिरसा मुंडा स्मारक पार्क सह स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय में आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की 25 फुट ऊंची प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। बिरसा मुंडा ने नौ जून, 1900 को यहीं अंतिम सांस ली थी।

'मन की बात' की 122वीं कड़ी में

# प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को उत्साहपूर्ण जीवन के लिए योग अपनाने का आह्वान किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दुनिया भर के लोगों से समग्र स्वास्थ्य और उत्साहपूर्ण जीवन के लिए योग को अपनाने की अपील की। ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा।

अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 122वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रति उत्साह बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा, ''21 जून 2015 को योग दिवस की शुरुआत के बाद से ही इसके प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है। इस बार भी योग दिवस को लेकर विश्व भर के लोगों में जोश और उत्साह साफ तौर पर दिखाई दे रहा है।

मोदी ने लोगों से इस अवसर को मनाने के बारे में रचनात्मक ढंग से सोचने का आग्रह करते हुए कहा कि योग श्रृंखला बनाने से लेकर विभिन्न स्थलों पर योग का अभ्यास करने तक, लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को एक गतिशील और समावेशी आंदोलन बना रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के



प्रयासों की भी सराहना की, जहां राज्य में मजबूत योग संस्कृति विकसित करने के लिए योगआंध्र अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य 10 लाख नियमित योग अभ्यासकर्ताओं का एक समूह बनाना है, जो दर्शाता है कि कैसे राज्य स्वास्थ्य क्रांति में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने व्यक्तिगत और राष्ट्रीय विकास दोनों में योग के महत्व पर जोर देते हुए विशाखापत्तनम में इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल होने के बारे में अपनी उत्सुकता भी साझा की।

योग में बढ़ती कॉरपोरेट भागीदारी की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमारे कॉरपोरेट भी इसमें पीछे नहीं हैं। कुछ संस्थानों ने अपने कार्यालयों में योग अभ्यास के लिए अलग से स्थान निर्धारित किया है। कुछ स्टार्ट-अप ने कार्यालय में योग का समय तय किया है। उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक संकेत है कि निजी क्षेत्र किस तरह देश के स्वास्थ्य आंदोलन में योगदान दे रहा है।

योग दिवस समारोह के एक दशक पूरे होने और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 11वें संस्करण के उपलक्ष्य में आयुष मंत्रालय ने 10 महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इन पहल का उद्देश्य विविध सामाजिक और व्यावसायिक परिवेशों में योग की पहुंच और प्रासंगिकता को व्यापक बनाना है।

आयोजनों में योग संगम, योग बंधन, योग पार्क, योग समावेश, योग प्रभाव, योग कनेक्ट, हरित योग, योग अनप्लग्ड, योग महाकुंभ और समयोग शामिल हैं।

## रिजर्व बैंक के 'बंपर' लाभांश से सरकार की राजकोषीय स्थिति बेहतर होगी : एसबीआई रिपोर्ट

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक के लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपए के बंपर लाभांश से सरकार की राजकोषीय स्थिति बेहतर हो सकेगी और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वृद्धि को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। एसबीआई के अर्थशास्त्रियों की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के अपने बजट में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल मिलाकर 2.56 लाख करोड़ रुपए की लाभांश आय का अनुमान लगाया था।

आरबीआई के लाभांश हस्तांतरण के बाद यह आंकड़ा अब बजट अनुमान से कहीं ऊंचा रहेगा। एसबीआई रिसर्च के इकोरैप के ताजा संस्करण के अनुसार, ''हमारा अनुमान है कि इससे राजकोषीय घाटा बजट के स्तर से 0.2 प्रतिशत कम होकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.2 प्रतिशत रहेगा। वैकल्पिक रूप से यह लगभग 70,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त खर्च का रास्ता खोलेगा, जबकि अन्य चीजों में कोई बदलाव नहीं होगा। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रिकॉर्ड 2.69 लाख करोड़ रुपए के लाभांश की घोषणा की है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 2.11 लाख करोड़ रुपए के लाभांश हस्तांतरण की तुलना में 27.4 प्रतिशत की वृद्धि है।

# प्रगति के लिए आधुनिकीकरण आवश्यक : गडकरी

### भारतीय समाज को पाश्चात्यकरण का विरोध करना चाहिए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि प्रगति के लिए आधुनिकीकरण आवश्यक है और देश को प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करनी चाहिए लेकिन भारतीय समाज के पाश्चात्यकरण का विरोध किया जाना चाहिए, जो इसके मूल मूल्यों को नष्ट कर रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और भारतीय मूल्य प्रणाली के बीच संतुलन स्थापित करने से देश विश्वगुरु बन सकेगा।

गडकरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''हम प्रगति के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हम समाज के पाश्चात्यकरण के खिलाफ हैं। हालांकि, उन्होंने रेखांकित किया कि समय बदल गया है, लेकिन छत्रपति शिवाजी महाराज और अहिल्याबाई होलकर जैसी पूजनीय हस्तियों की शिक्षाएं उनके मजबूत मूल्य प्रणालियों के कारण आज भी प्रासंगिक हैं। केंद्रीय



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, ''समय भले ही बदल गया हो, लेकिन मूल्य प्रणाली वही है।

इंग्लैंड की अपनी एक यात्रा के बारे में बताते हुए गडकरी ने ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री के साथ हुई बातचीत को याद किया, जिसमें उनसे भारत की सबसे बड़ी चुनौती के बारे में पूछा गया था। गडकरी ने कहा, ''मैंने उनसे कहा कि गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी, शिक्षा की कमी और अंधविश्वास भारत में जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख कारक हैं। जब मैंने उनसे यही सवाल पूछा, तो ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने मुझे बताया कि उनकी सबसे बड़ी चिंता यह है कि युवा शादी में दिलचस्पी नहीं रखते हैं और इसके बजाय 'लिव-इन रिलेशनशिप' को प्राथमिकता देते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने बुनियादी ढांचे, बिजली और पानी की आपूर्ति, संचार, आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) और जैव प्रौद्योगिकी में अच्छी-खासी प्रगति की है, लेकिन सामाजिक मोर्चे पर गिरावट आई है। उन्होंने कहा, ''उनका (ब्रिटेन का) सामाजिक जीवन तबाह हो रहा है। उनका मॉडल उचित नहीं है। गडकरी ने भारत की प्रगति को रेखांकित करते हुए कहा देश ने विज्ञान, जैव-प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी में प्रगति की है। उन्होंने कहा, ''अमेरिका में 10 चिकित्सकों में से छह भारत से हैं। हमारी जीवनशैली और उसकी मूल्य प्रणाली हमेशा बनी रहेगी, हम आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी को भी अपनाएंगे। हम चाहते हैं कि समाज ऐसा करे। दोनों के बीच संतुलन ही विश्वगुरु बनने का तरीका है। उन्होंने कहा कि होलकर राजवंश की महान शासक अहिल्याबाई होलकर ने अपने निजी जीवन में काफी कठिनाइयों का सामना किया, फिर भी वह न्याय और लोक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रहीं।



# चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश को रक्षा उद्योग का केंद्र बनाने के लिए राजनाथ से सहयोग मांगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमरावती/नई दिल्ली/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्य को वैमानिकी, रक्षा उद्योग का केंद्र बनाने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सहयोग मांगा है।

नायडू ने हाल ही में राजनाथ सिंह के साथ अपनी बैठक के दौरान आधा दर्जन परियोजनाओं की एक सूची दी। इसके तहत उन्होंने राजनाथ सिंह से सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों (डीपीएसयू) के निवेश और एक वायु सेना स्टेशन स्थापित करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के रक्षा गलियारों की तरह सिंह से वैमानिकी (एयरोस्पेस) और रक्षा उद्योगों के विकास की क्षमता वाले पांच केंद्रों को अधिसूचित करने का भी अनुरोध किया।

रविवार को जारी एक बयान में नायडू के हवाले से कहा गया कि निवेश को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार से इस संबंध में औपचारिक मान्यता का अनुरोध किया। उनके द्वारा प्रस्तावित पांच केंद्रों में जग्गैयापेट-डोनाकोंडा केंद्र (6,000 एकड़), लेपाक्षी-मदकसिरा केंद्र (10,000 एकड़), विशाखापत्तनम-अनकापल्ली केंद्र (3,000 एकड़), कुरनूल-ओरवाकल केद्र (4,000 एकड़) और तिरुपति केंद्र शामिल है। नायडू के अनुसार,, जग्गैयापेट-डोनाकोंडा केंद्र मिसाइल और गोला-बारूद उत्पादन के लिए उपयुक्त है, जबकि लेपाक्षी-मदकसिरा केंद्र नागरिक और सैन्य विमान कथा इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए सही है।

विशाखापत्तनम-अनकापल्ली केंद्र नौसेना उपकरण उत्पादन और हथियार परीक्षण के लिए उपयुक्त है।

## सिम तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

### सीमा पार गेमिंग नेटवर्क में मदद करने के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस की आईजीआई इकाई ने एक सिम तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसके कथित तौर पर एक अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन गेमिंग नेटवर्क से संबंध हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि मध्य प्रदेश के पांच लोगों को धोखाधड़ी से 398 सक्रिय भारतीय सिम कार्ड हासिल करने और उन्हें विदेश (मुख्य रूप से दुबई) भेजने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह तब सामने आया जब सीआईएसएफ ने 15 फरवरी को आईजीआई हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर सुनील रावत नामक व्यक्ति को रोका।

बयान में कहा गया है कि भारतीय नागरिक रावत को दुबई जाने के लिए विमान में सवार होना था उसके पास विभिन्न नामों से पंजीकृत 398 सक्रिय सिम कार्ड पाए गए। जांच से पता चला कि रावत कथित तौर पर फैजल नामक दुबई स्थित एक सूत्र के निर्देश पर काम कर रहा था, जिसने सिम कार्ड पहुंचाने के बदले में उसे 35,000 रुपए और नौकरी की पेशकश की थी। पूछताछ के दौरान रावत ने खुलासा किया कि सिम कार्ड की व्यवस्था मध्य प्रदेश में उसके दोस्तों ने की थी और कूरियर के माध्यम से उसे भेजे थे।

सिम के मुख्य आपूर्तिकर्ताओं की पहचान अश्विन कुमार और अंकित कुमावत के रूप में हुई है, जो दोनों मध्य प्रदेश के मूल निवासी हैं। पुलिस की एक टीम को उज्जैन और देवास जिलों के लिए रवाना किया गया जहां से अंकित कुमावत को गिरफ्तार कर लिया गया।





# दिल्ली: आंधी, भारी बारिश से कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार की देर रात आई तेज आंधी और भारी बारिश के कारण कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली वितरण कंपनियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) के प्रवक्ता ने कहा कि उत्तरी दिल्ली के बवाना, घोघा गांव, रोहिणी सेक्टर-25, डीएसआईआईडीसी नरेला, सुल्तानपुरी, रोहिणी सेक्टर-22, कराला, बादली, सिरसपुर, अवंतिका, मंगोलपुरी, आरयू ब्लॉक पीतमपुरा और रिठाला गांव के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। उन्होंने कहा, ''टीम को तुरंत बिजली ठीक करने के काम पर लगाया गया। सुरक्षा उपाय के तौर पर कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति भी अस्थायी रूप से रोक दी गई थी और स्थिति सामान्य होने पर उसे बहाल कर दिया गया। मुंडका, जाफरपुर, हरिनगर, मादीपुर, टैगोर गार्डन, छतरपुर, मायापुरी के कुछ हिस्सों, संगम विहार, नंद नगरी, त्रिलोकपुरी और करावल नगर समेत बीएसईएस डिस्कॉम, बीवाईपीएल और बीआरपीएल के तहत कई क्षेत्रों को भी आंधी के दौरान बिजली कटौती का सामना करना पड़ा। बीएसईएस के प्रवक्ता ने बताया कि शहर के कुछ हिस्सों में कल देर रात बिजली आपूर्ति बाधित होने की मुख्य वजह जलभराव और बिजली की तारों पर पेड़ और उनकी शाखाएं गिरना था। प्रवक्ता ने कहा कि ज्यादातर मामलों में बिजली आपूर्ति शीघ्र बहाल कर दी गयी। भारी बारिश के साथ आए तूफान के कारण विमान परिचालन बाधित हो गया, पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए तथा कई इलाकों में जलभराव हो गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि रात 11.30 बजे से सुबह 5.30 बजे के बीच छह घंटों में 82 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली और शहर के मौसम केंद्र ने 81.2 मिमी बारिश दर्ज की। बिजली वितरण कंपनियों ने कहा कि बिजली के तार और खंभे क्षतिग्रस्त हो गए, पेड़ उखड़ गए और टूटी हुई शाखाएं उन पर गिर गई, जिससे विभिन्न इलाकों में अंधेरा छा गया।

## भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को दर्शाता है: नायडू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**विजयवाड़ा/भाषा।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को कहा कि भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत आर्थिक शासन को दर्शाता है। नायडू की यह प्रतिक्रिया नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम द्वारा आईएमएफ के आंकड़ों का हवाला देते हुए की गई घोषणा के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने जापान को पीछे छोड़ते हुए 4200 अरब अमेरिकी डॉलर का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) हासिल किया है और अब वह विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने की राह पर है।

## बाल तस्करी रोधी प्रकोष्ठ ने अब तक 964 बच्चों को मुक्त कराया: एनसीपीसीआर

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने रविवार को कहा कि बाल तस्करी रोधी प्रकोष्ठ के गठन के बाद से अब तक करीब 964 बच्चों को मुक्त कराया गया है। आयोग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, हाल में बिहार के सारण जिले में एक 'ऑर्केस्ट्रा' समूह से 17 किशोरियों को मुक्त कराया गया।

बयान में कहा गया है कि आयोग को एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) से यह जानकारी मिली थी कि स्थानीय 'ऑर्केस्ट्रा' समूहों द्वारा कई किशोरियों से अश्लील नृत्य करवाया जा रहा, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। आयोग ने सारण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) डॉ. कुमार आशीष को तत्काल इन किशोरियों को मुक्त कराने का निर्देश दिया, जिसके बाद एसपी ने मशरख, पानापुर और इसुआपुर पुलिस थानों के पुलिसकर्मियों की एक विशेष टीम बनाई।

इस समन्वित अभियान में 17 किशोरियों को मुक्त कराया गया जिनमें मशरख से छह, पानापुर से सात और इसुआपुर से चार थीं। मुक्त कराई गईं किशोरियों को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष पेश किया गया, जो अब उनके पुनर्वास प्रक्रिया की निगरानी कर रही है। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

आयोग ने कहा कि वह संविधान और विभिन्न कानूनों जैसे कि किशोर न्याय (बच्चों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015, पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम 2012 और मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

एनसीपीसीआर ने कहा कि बाल तस्करी रोधी प्रकोष्ठ बच्चों की तस्करी की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए गठित किया गया है। यह प्रकोष्ठ देशभर में संकट में फंसे बच्चों की पहचान और मुक्त कराने में अहम भूमिका निभा रहा है।

# कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से माफी मांगने, भाजपा सांसद जांगड़ा को बर्खास्त करने की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद रामचंद्र जांगड़ा की इस टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई कि पहलगाम में पर्यटकों को आतंकवादियों से भिड़ जाना चाहिए था। पार्टी ने कहा कि सांसद को बर्खास्त किया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस मामले में माफी मांगनी चाहिए। विपक्षी दल ने कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा नेतृत्व की चुप्पी को जांगड़ा के बयान की ''मौन स्वीकृति'' के तौर पर देखा जाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि भाजपा नेता पहलगाम पीड़ितों और सशस्त्र बलों को बदनाम करने के लिए एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ कर रहे हैं।

इससे पहले भाजपा के कई नेता भी इस तरह की टिप्पणी कर चुके हैं जिनमें मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह और राज्य के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा शामिल हैं। कांग्रेस ने दावा किया कि देवड़ा ने कहा था कि पूरी भारतीय सेना और बहादुर सैनिक मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं जबकि विजय शाह को पहलगाम हमले में संलिप्त आतंकवादियों के धर्म को कर्नल सोफिया कुरैशी के धर्म से जोड़ने वाली उनकी टिप्पणी के बाद माफी मांगनी पड़ी थी। विजय शाह की टिप्पणी के बाद आक्रोश पैदा हो गया था।

कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ मीडिया को 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी थी। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''भाजपा के राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा के शर्मनाक बयान ने एक बार फिर



आरएसएस-भाजपा की ओछी मानसिकता को उजागर कर दिया। उन्होंने कहा, ''मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने हमारी जांबाज सेना का अपमान किया, पर मोदी जी ने कोई कार्रवाई नहीं की। मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने हमारी वीर कर्नल पर भद्दी टिप्पणी की, पर आज तक बर्खास्त नहीं हुए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''जब पहलगाम में नौसेना के शहीद अफसर की पत्नी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा था, तब भी मोदी जी चुप थे। उन्होंने कहा, ''नरेन्द्र मोदी जी, आप कहते हैं कि आपकी रगों में सिंदूर बहता है अगर ऐसा है तो आपको महिलाओं के सम्मान के लिए अपने इन बदजुबान नेताओं को बर्खास्त करना चाहिए।

पार्टी प्रमुख के विचारों को दोहराते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता लगातार भारतीय सेना और शहीदों का अपमान कर रहे हैं, ''जो उनकी तुच्छ और ओछी मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''राज्यसभा सदस्य रामचंद्र जांगड़ा का यह शर्मनाक बयान बताता है कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा इतनी संवेदनहीन हो चुकी है कि पहलगाम आतंकी हमले में सुरक्षा चूक को जिम्मेदार ठहराने के बजाय भाजपा सांसद शहीदों व उनकी पत्नियों पर ही सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''विजय शाह और देवड़ा जैसे नेताओं पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब ये नया बयान घोर आपत्तिजनक है।

# जाति गणना विभाजनकारी नहीं है, इससे सामाजिक न्याय को मजबूती मिलेगी: एनसीएससी प्रमुख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष किशोर मकवाना ने जाति गणना से समाज में विभाजन पैदा होने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इससे एकत्र किए गए आंकड़े नीतिगत निर्णयों के लिए आधार का काम करेंगे और इनसे सामाजिक न्याय को मजबूती मिलेगी।

मकवाना ने 'पीटीआई-भाषा' से साक्षात्कार में कहा कि इससे पिछड़े वंचित समुदायों के उत्थान में मदद मिलेगी।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने अगली जनगणना में जाति गणना को शामिल करने का निर्णय किया है, जिसका स्वागत करते हुए मकवाना ने कहा कि 2011 की जनगणना के विपरीत, इस जनगणना से निश्चित आंकड़े उपलब्ध होंगे जिससे कल्याणकारी योजनाओं तक आनुपातिक आधार पर पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने 2011 में सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (एसईसीसी) करवाई थी। यह 1931 के बाद से देश भर में जाति के आंकड़े एकत्र करने का पहला प्रयास था। हालांकि, एसईसीसी-2011 से जाति के आंकड़े कभी भी पूरी तरह से जारी या उपयोग नहीं किए गए। जाति जनगणना से सांप्रदायिक विभाजन पैदा होने की चिंताओं को खारिज करते हुए मकवाना ने कहा, इससे जाति के आधार पर कोई विभाजन पैदा नहीं होगा। बल्कि, सामाजिक न्याय को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा, इससे पिछड़ी जातियों का उत्थान होगा और अनुसूचित जाति समुदाय के लिए बाबासाहेब अंबेडकर के सपने के सभी तीन पहलुओं- सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समानता- को मजबूत मिलेगी। एनसीएससी अध्यक्ष ने कहा कि जाति जनगणना से सटीक आंकड़े प्राप्त होंगे, जो नीतिगत निर्णयों के लिए आधार का काम करेंगे तथा मुद्रा योजना जैसी योजनाओं के लाभार्थियों के लिए बेहतर तरीके से काम किया जा सकेगा।

# पलानीस्वामी ने टीएएसएमएसी में ईडी की जांच पर कहा, बिना आग के धुआं नहीं उठता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु की सरकारी शराब कंपनी टीएएसएमएसी में कथित घोटाले की जांच के संबंध में अन्नाद्रमुक महासचिव के. पलानीस्वामी ने रविवार को कहा कि ''केवल जांच से ही तथ्य सामने आएंगे और उन्होंने साथ ही कहा कि बिना आग के धुआं नहीं उठता।''

शराब निगम में कथित घोटाले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच पर शीर्ष अदालत द्वारा रोक लगाए जाने के बारे में पूछे जाने पर पलानीस्वामी ने मद्रास उच्च न्यायालय और बाद में उच्चतम न्यायालय में संबंधित कार्यवाही का हवाला दिया।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''हमें (तथ्यों) पता केवल जांच के माध्यम से ही चलेगा।'' उन्होंने कहा, ''बिना आग के धुआं नहीं उठता है।'' उन्होंने कहा कि मीडियाकर्मियों सहित सभी लोग टीएएसएमएसी (तमिलनाडु राज्य विपणन निगम) दुकानों में प्रति क्वार्टर बोतल 10 रुपये अतिरिक्त शुल्क वसूली के बारे में जानते हैं।

पलानीस्वामी ने पूछा, ''क्या वे (टीएएसएमएसी शराब की दुकानें) प्रति बोतल अधिकतम मूल्य से 10 रुपये



अधिक नहीं लेती हैं? यह सबको पता है।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने एसोसिएशन के प्रमुख के ''मीडिया साक्षात्कार'' का हवाला दिया, जिसने दावा किया कि शराब की प्रति बोतल के लिए 10 रुपये अतिरिक्त वसूले जाते हैं और यह पैसा शीर्ष स्तर तक पहुंचता है। इस तरह के भ्रष्टाचार के मद्देनजर, तमिलनाडु पुलिस (सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय) द्वारा मामले दर्ज किए गए थे, और बाद में ईडी ने तलाशी ली।

पलानीस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने पिछले तीन वर्षों के दौरान नीति आयोग की बैठकों का बहिष्कार करने के बाद 24 मई को दिल्ली में बैठक में भाग लिया। उन्होंने कहा, स्टालिन ने पिछले तीन वर्षों में इसमें हिस्सा क्यों नहीं लिया? अगर उन्होंने ऐसी बैठकों में हिस्सा लिया होता तो राज्य के लिए जरूरी फंड जुटाए जा सकते थे और परियोजनाओं के लिए अनुमति मिल सकती थी।

ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) प्रमुख ने आरोप लगाया कि स्टालिन ने 24 मई को नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में केवल राज्य में भ्रष्टाचार और टीएएसएमएसी से संबंधित परिसरों पर ईडी की छापेमारी के मद्देनजर भाग लिया। मुख्यमंत्री स्टालिन ने पहले ही इस आरोप को खारिज कर दिया था और कहा था कि उनकी भागीदारी केवल राज्य के वित्तीय अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए थी।

# भाजपा के 18 विधायकों का सदन से निलंबन वापस लिया गया : विधानसभा अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु।** कर्नाटक विधानसभा से मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 18 विधायकों को छह महीने तक सदन से निलंबित करने के फैसले को रद्द कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर ने रविवार को यह जानकारी दी। निलंबन के दो महीने से अधिक समय बाद इस निर्णय की घोषणा खादर ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर अशोक और कानून एवं संसदीय मामलों के मंत्री एच के पाटिल के साथ बैठक के बाद की।

एक अभूतपूर्व कदम के तहत 21 मार्च को भाजपा के 18 विधायकों को अनुशासनहीनता' दिखाने और विधानसभा अध्यक्ष का 'अनादर' करने के आरोप में छह महीने के लिए विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद मार्शल की मदद से इन विधायकों को सदन से बलपूर्वक बाहर निकाल दिया क्योंकि उन्होंने जाने से इनकार कर दिया था।

खादर ने कहा, मैंने निलंबन की सिफारिश की थी, लेकिन सदन ने प्रस्ताव के माध्यम से इसे मंजूरी दे दी। इसलिए, आज सदन के नेता और मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, कानून मंत्री और विपक्ष के नेता ने मेरे साथ चर्चा की। निलंबन और निर्दिष्ट शर्तों को रद्द करने और उन्हें विधायकों के रूप में काम करने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने यहां संवाददाताओं को बताया, ''निलंबन खुशी-खुशी वापस ले लिया गया है। इसमें कोई शर्त नहीं है। वे विधायक हमारे मित्र हैं, दुश्मन नहीं। यह घटना क्षणिक आवेश में हुई थी। ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, यह सुनिश्चित करने के लिए मुझे भी सख्त कदम उठाने पड़े।''

निलंबित विधायकों में भाजपा के मुख्य सचेतक डोड्डानगौड़ा पाटिल, पूर्व उपमुख्यमंत्री सीएन अश्वथ नारायण, एसआर विश्वनाथ, बीए बसवराजू, एमआर पाटिल, चन्नबसप्पा, बी सुरेश गौड़ा, उमानाथ कोट्यान, शरणु सालगर, डॉ. शैलेन्द्र बेल्देले, सीके राममूर्ति, यशपाल सुवर्ण, बीपी हरीश, भरत शेट्टी, धीरज मुनिराजू, चंद्रू लमानी, मुनिरत्न और बसवराज मत्तीमुद शामिल थे।

# केरल सामूहिक हत्याकांड के आरोपी अफान ने जेल में आत्महत्या करने की कोशिश की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के तिरुवनंतपुरम के निकट हाल ही में वेंजारामूडु में हुए सनसनीखेज सामूहिक हत्याकांड से संबंधित मामले के एकमात्र आरोपी अफान ने रविवार को केंद्रीय कारागार में आत्महत्या करने की कोशिश की। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि अफान को तुरंत सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पंगोडू पुलिस द्वारा स्थानीय अदालत में हत्या के एक मामले में आरोप पत्र दाखिल करने के दो दिन बाद 23 वर्षीय युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया।

पूजापुरा केंद्रीय कारागार के एक अधिकारी ने बताया, अफान शौचालय गया और करीब 11 बजे उसने कपड़े का फंदा बना फांसी लगाने का प्रयास किया। ड्यूटी पर मौजूद जेल अधिकारियों को इसकी भनक लग गई और वे उसे अस्पताल ले गए। अधिकारी ने बताया कि उसकी वर्तमान स्थिति के बारे में अभी जानकारी नहीं मिली है। अफान पर अपनी 88 वर्षीय दादी, 13 वर्षीय भाई, एक महिला जो उसकी प्रेमिका बताई जा रही है, अपने चाचा और चाची की हत्या करने का आरोप है। अफान ने अपनी मां पर भी हमला किया, लेकिन अस्पताल में कई दिनों तक इलाज के बाद वह बच गईं थी।





# केरल में भारी बारिश से तबाही, कई पेड़ उखड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में रविवार को भारी बारिश हुई, जिसके कारण राज्य भर में कई स्थानों पर पेड़ उखड़ गए। त्रिशूर में एक पेड़ चलती ट्रेन पर गिर गया जबकि कोझिकोड में पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय होने से राज्य के कई क्षेत्रों में भारी बारिश हुई। बारिश के कारण कई इलाकों में मकान क्षतिग्रस्त हो गए, नदियां उफान पर आ गईं और इसके परिणामस्वरूप कुछ बांधों के द्वार खोल दिए गए।

रविवार सुबह त्रिशूर जिले के चेरुथुरुथी में रेलवे पुल के पास एक पेड़ चलती ट्रेन पर गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाई और ट्रेन को रोक दिया जिससे हादसा टल गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भारी बारिश जारी रहने के कारण राज्य के पांच उत्तरी जिलों - मलाप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड के लिए 'रेड अलर्ट' जारी करते हुए अत्यधिक भारी बारिश का अनुमान जताया है। राज्य के लगभग सभी जिलों में पिछली रात से ही भारी बारिश हुई, जिससे निचले इलाकों में भारी जलभराव हो गया और यातायात बाधित हुआ।

राज्य भर में बड़े पैमाने पर पेड़ों के उखड़ने से घरों और वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा तथा कोझिकोड जिले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। कोझिकोड के विल्ल्याप्पल्ली में नारियल का एक पेड़ 64 वर्षीय पवित्रन पर गिर गया, जिससे उनकी मौत हो गई। लोगों ने बताया कि लगातार बारिश के बाद वायनाड के चूरलमाला-मुंडक्कई क्षेत्र से होकर बहने वाली पुन्नापुझा नदी और कोझिकोड की कोरापुझा नदी में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। भूस्खलन से प्रभावित वायनाड के चूरलमाला में बीती रात लगातार भारी बारिश के कारण स्थानीय लोगों में चिंता पैदा हो गई।

इस बीच, आईएमडी ने रविवार को तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथानामथिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की, एर्नाकुलम, त्रिशूर और पालक्कड़ जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया।

# आम लोग एक जून से कर सकेंगे भीतर से कर्नाटक विधानसौधा का दीदार



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** आम लोगों को कर्नाटक की विधायिका को दिखाने के लिए लिए रविवार को एक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अपनी तरह की इस अनूठी पहल के तहत लोग विधानसौधा का भीतर से दीदार कर सकेंगे। पर्यटन विभाग और कर्नाटक राज्य पर्यटन विकास निगम (केएसटीडीसी) द्वारा, कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय, कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग (डीपीएआर) और विधानसौध सुरक्षा प्रभाग के समन्वय से की गई यह पहल एक जून से जनता के लिए शुरू होगी। अधिकारियों ने बताया कि आम लोग प्रत्येक माह के दूसरे और चौथे शनिवार तथा सभी रविवार को सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक (केएसटीडीसी की वेबसाइट पर सूचीबद्ध समय के अनुसार) विधानसौध का भीतर से दीदार कर सकेंगे।

सोलह वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए टिकट की प्रारंभिक कीमत 50 रुपये निर्धारित की गई है, जबकि 15 वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चों के लिए यह सुविधा मुफ्त होगी।

कार्यक्रम की शुरुआत के अवसर पर, विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर ने कहा, ''विधानसौधा को देखने का अवसर देना एक अनूठी पहल है, जिसे नागरिकों को कर्नाटक की लोकतांत्रिक विरासत की समृद्ध विरासत से परिचित कराने के लिए शुरू किया गया है। यह पहल पारदर्शिता, नागरिक सहभागिता और हमारे ऐतिहासिक आख्यान के संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।''

कर्नाटक के विधि एवं संसदीय कार्य, विधायी एवं पर्यटन मंत्री एच के पाटिल ने कहा, ''विधानसौधा हमारे राज्य की लोकतांत्रिक यात्रा की जीवंत कहानी है। इसके गलियारों को जनता के लिए खोलना पारदर्शिता, विरासत और नागरिक गौरव का उत्सव है।''

हालांकि, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने इस कदम की आलोचना करते हुए दावा किया कि राज्य सरकार ''वित्तीय संकट'' का सामना कर रही है और अब विधानसौधा में प्रवेश के लिए आगंतुकों से शुल्क वसूल रही है।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या गारंटी योजनाओं या विकास के लिए संसाधन जुटाने में असमर्थ हैं। विधायकों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लिए धन नहीं मिल रहा है, इसके परिणामस्वरूप सरकार इस तरह के फैसले ले रही है।''

# कर्नाटक ने कोविड-19 को लेकर सभी एहतियाती कदम उठाए : दिनेश गुंडू राव



**बेंगलूरु।** कर्नाटक में कोविड-19 के नए मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने रविवार को कहा कि सरकार जोखिम वाले मामलों की जांच समेत सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठा रही है। गंभीर बीमारियों से ग्रस्त 84 वर्षीय एक व्यक्ति के कोविड-19 जांच में संक्रमित पाए जाने के बाद उसकी मौत को लेकर राव ने संवाददाताओं से कहा, ''उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई तरह की परेशानियां थीं। इसलिए हमने ऑडिट के लिए कहा है। हम सीधे तौर पर यह नहीं कह सकते कि उनकी मौत केवल कोविड-19 की वजह से हुई। '' उन्होंने राज्य में कोविड-19 की मौजूदा स्थिति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वर्तमान में स्थिति चिंताजनक नहीं है और न ही प्रतिबंध लगाने की जरूरत है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अधिकारी और विशेषज्ञ लगातार निगरानी कर रहे हैं तथा यदि जरूरत पड़ी, तो केंद्र सरकार के परामर्श से स्थिति के आधार पर आगे के उपायों पर निर्णय लिया जाएगा। राव ने कहा, ''84 वर्षीय एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। संभवतः यह मृत्यु 17 मई को हुई है। हम इस मृत्यु के कारणों की जांच करवा रहे हैं। वह कोविड-19 से संक्रमित पाए गए थे, लेकिन वह एक साल से बिस्तर पर थे, उनका हिप रिप्लेसमेंट हुआ था, उन्हें दिल की समस्या थी और वे टीबी के मरीज थे। इसलिए हमने स्पष्ट रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए जांच की मांग की है।'' कर्नाटक के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, शनिवार शाम तक राज्य में कोविड-19 के 38 सक्रिय मामले सामने आए, जिनमें बेंगलूरु के 32 मामले शामिल हैं। उन्होंने कहा, ''हमने अपने विभाग के अधिकारियों से जांच करने को कहा है। आरटी-पीसीआर जांच किट संभवतः कल या परसों तक हमारे केंद्रों पर पहुंच जाएंगी। इसलिए जहां भी आवश्यक हो हमने जांच करने के लिए कहा है, विशेष रूप से वृद्ध लोगों और बच्चों में गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण मामलों और इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी के मामलों में। निजी और सरकारी अस्पतालों में यह अनिवार्य है। ''

# कैफे होने का दिखावा करके संचालित किये जा रहे अवैध हुक्का बार पर सीसीबी का छापा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मंगलूरु।** मंगलूरु के कंकनाडी में मैक मॉल के पार्किंग क्षेत्र के अंदर कैफे होने का दिखावा करके संचालित किए जा रहे अवैध हुक्का बार पर 'सिटी सेंट्रल क्राइम ब्रांच' (सीसीबी) पुलिस ने छापा मारा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने यह छापा शनिवार शाम को मारा। पुलिस की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, 'ब्लैक मून रेस्टो कैफे' के रूप में संचालित प्रतिष्ठान ने 2023-24 के लिए कैफेटेरिया चलाने के लिए मंगलूरु सिटी कॉरपोरेशन से व्यापार लाइसेंस प्राप्त किया था, लेकिन कथित तौर पर कानूनी मानदंडों का उल्लंघन करते हुए वहां हुक्का बार संचालित किया जा रहा था। तीन व्यक्तियों सिद्दीक उर्फ एमएफसी सिद्दीक, अब्दुल नासिर और सफवान पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने छापा मारने के दौरान हुक्का उपकरण और तंबाकू उत्पाद भी जब्त किए। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपी युवाओं को लुभा रहे थे और नियमों का उल्लंघन करके तथा मादक पदार्थों के सेवन को बढ़ावा देकर अवैध लाभ कमा रहे थे।

यह अभियान सहायक पुलिस आयुक्त मनोज कुमार नाईक के मार्गदर्शन और पुलिस निरीक्षक रफीक के. एम. के नेतृत्व में चलाया गया।

# नीति आयोग की बैठक में शामिल न होने पर भाजपा ने सिद्दरामय्या की आलोचना की



**बेंगलूरु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नयी दिल्ली में हुई नीति आयोग शासी परिषद की 10वीं बैठक में शामिल नहीं होने पर मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या की आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि कर्नाटक इससे बेहतर का हकदार है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति को उन अवसरों से जानबूझकर पीछे हटना बताया जो कर्नाटक के भविष्य को आकार दे सकते हैं। उन्होंने सिद्दरामय्या पर उनकी फिसलती कुर्सी को थामे रहने के लिए बेताब होने और कांग्रेस आलाकमान को खुश करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करने का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री के करीबी सूत्रों ने शनिवार को नई दिल्ली में हुई बैठक में सिद्दरामय्या के शामिल न होने का कारण राज्य में ''पूर्व निर्धारित कार्यक्रम'' बताते हुए कहा कि उन्होंने अपना भाषण परिषद में पढ़ने के लिए भेजा था। उन्होंने स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री ने बैठक का बहिष्कार नहीं किया।

विजयेंद्र ने 'एक्स' पर लिखा, ''कर्नाटक की कांग्रेस सरकार अपने विकास कार्यों की कमी को छिपाने में असमर्थ है और वह केंद्र पर बकाया का राग अलाप रही है, मानो दिल्ली पर आरोप लगाने से उसकी विफलताएं छिप जाएंगी लेकिन शासन करने का मतलब दोषारोपण करना या शिकायतें करना नहीं होता; यह लोगों के सहयोग और प्रतिबद्धता पर आधारित साझा जिम्मेदारी होती है।'' जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 में विकसित भारत के साझा दृष्टिकोण को आकार देने के लिए 10वीं नीति आयोग शासी परिषद के लिए प्रत्येक मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया तो मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या उसमें शामिल नहीं हुए। विजयेंद्र ने कहा, ''यह सिर्फ एक नेता का किसी बैठक में अनुपस्थित रहना नहीं है - यह उन अवसरों से जानबूझकर पीछे हटना है जो कर्नाटक के भविष्य को आकार दे सकते हैं।''उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री जो अपनी कुर्सी से चिपके रहने के लिए आतुर हैं, वह अपने लोगों के उत्थान की अपेक्षा अपने आलाकमान को खुश करने पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं।

# आरपीएफ ने सिटी रेलवे स्टेशन पर 35 किलो गांजा के साथ एक गैंग को पकड़ा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** नशीली दवाओं की तस्करी पर एक महत्वपूर्ण कार्रवाई में, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) बेंगलूरु ने ऑपरेशन नार्कोस के तहत, लगभग 29.79 लाख रुपए मूल्य का 35.250 किलोग्राम गांजा सफलतापूर्वक बरामद किया, और एक महिला सहित चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। खुफिया सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए, आरपीएफ और आबकारी की एक संयुक्त टीम ने 22 मई को ट्रेन नं.18463 प्रशांति एक्सप्रेस के आगमन पर केएसआर बेंगलूरु रेलवे स्टेशन पर छापा मारा। टीम ने देखा कि कुछ लोग ट्रेन से उतर रहे थे और ट्रॉली बैग और बैकपैक लेकर संदिग्ध रूप से तीसरे प्रवेश द्वार की ओर बढ़ रहे थे। आरपीएफ डॉग स्क्वायड की सहायता से उन्हें रोका गया।

उनके बैग में रखी सामग्री के बारे में पूछताछ करने पर, व्यक्ति घबराए हुए दिखाई दिए और उन्होंने असंतोषजनक उत्तर दिए। आगे की जांच में बैग के अंदर प्लास्टिक में लिपटे बंडल मिले, जिनमें गांजा भरा हुआ था। तस्करी करने वाली टीम में तीन पुरुष और एक महिला शामिल थे, जिनकी उम्र 30 साल से कम थी और वे ओडिशा के रहने वाले थे। चारों व्यक्तियों को हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई के लिए आबकारी विभाग को सौंप दिया गया है। आरपीएफ बेंगलूरु के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. श्रेयांस चिंचवड़े ने मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने और रेलवे परिसरों और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बल की प्रतिबद्धता दोहराई। यह ऑपरेशन चल रहे ऑपरेशन नार्कोस का हिस्सा है, जो रेलवे नेटवर्क के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने में सहायक रहा है।

# शिवकुमार रामनगर जिले के नाम बदलने के मामले में 'रियल एस्टेट एजेंट' की तरह काम कर रहें : विजयेंद्र

**मैसूरु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने रविवार को सवाल उठाया कि क्या रामनगर का नाम बदलकर बेंगलूरु दक्षिण जिला करने का राज्य सरकार का फैसला 'रियल एस्टेट' को ध्यान में रखकर लिया गया है। उन्होंने दावा किया कि राज्य के लोग पूछ रहे हैं कि उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार क्यों एक ''रियल एस्टेट एजेंट'' की तरह व्यवहार कर रहे हैं।

विजयेंद्र ने राज्य सरकार और शिवकुमार से सवाल किया कि क्या रामनगर का नाम इसलिए बदला गया क्योंकि इसमें ''राम'' शब्द शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि नाम बदलने के पीछे की मंशा का पता तब चलेगा जब यह जानकारी सामने आएगी कि किस व्यक्ति के पास कितनी संपत्ति है।

कर्नाटक मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को रामनगर जिले का नाम बदलकर 'बेंगलूरु दक्षिण' करने को मंजूरी दी थी। बेंगलूरु शहर से करीब 50 किमी दूर रामनगर, नाम बदलकर बेंगलूरु दक्षिण किये गए जिले का मुख्यालय बना रहेगा, जिसमें मागड़ी, कनकपुरा, चन्नापटना और हारोहल्ली तालुक भी शामिल होंगे। विजयेंद्र ने सवाल किया, राज्य के लोग, जिनमें रामनगर के लोग भी शामिल हैं, सवाल कर रहे हैं कि शिवकुमार एक रियल एस्टेट एजेंट की तरह क्यों व्यवहार कर रहे हैं, यह भूलकर कि वह राज्य के उपमुख्यमंत्री हैं। क्या शिवकुमार को रामनगर के बारे में हीन भावना है? अगर रामनगर का नाम बदलकर बेंगलूरु दक्षिण नहीं किया जाता तो क्या विकास नहीं हो सकता? उन्होंने ऐसा फैसला क्यों लिया?'' भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने यहां संवाददाताओं से कहा कि रामनगर जिले का नाम, जिसका अपना इतिहास है, किसी की मर्जी से बदलना जिले के लोगों का अपमान है।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India undertaking

क्षेत्रीय कार्यालय - कांचीपुरम
नं. 46 ए, विल्लाकाडी कोइल स्ट्रीट, रंगास्वामी कुलम लाइब्रेरी के सामने,कांचीपुरम-631501

**लीज पर परिसर की जरूरत है**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को **सलमेडु विल्लुपुरम शाखा को स्थानांतरित करने के लिए प्रस्तावित वैकल्पिक परिसर के वास्ते** अच्छी तरह से निर्मित व्यावसायिक परिसर की किराए / लीज के आधार पर जरूरत है, जो कि प्राथमिकता के साथ **भूतल पर** हो, जिसका सामने का हिस्सा अच्छा हो, मुख्य सड़क के सामने हो, अच्छी दृश्यता हो और पर्याप्त पार्किंग स्थान हो, तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध हों। मकान मालिक को आरबीआई के विनिर्देशों के अनुसार स्वयं के खर्च पर स्ट्रांग रूम का निर्माण कराना होगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट देखें। उपर्युक्त सुविधा वाले परिसर की जरूरत विल्लुपुरम जिले के **सलमेडु विल्लुपुरम और उसके आस-पास है** तथा विवरण निम्नानुसार है:

| शाखा का नाम | कार्पेट एरिया चाहिए (स्ट्रांग रूम एरिया को शामिल करते हुए) | बोली शुरू होने की तिथि | बोली-पूर्व बैठक की तिथि | बोली समाप्त होने की तिथि | बोली खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| सलमेडु विल्लुपुरम | 1400 वर्ग फीट (±10%) | 26.05.2025 को सुबह 10.00 बजे | 30.05.2025 को सुबह 11.00 बजे | 23.06.2025 को दोपहर 3.00 बजे | 23.06.2025 को शाम 4.00 बजे |

स्वामित्व रखने वाले या मालिकों की ओर से बातचीत करने की शक्ति रखने वाले संभावित वेंडर्स यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय कांचीपुरम, वर्तमान में नंबर 46 ए, विल्लाकाडी कोइल स्ट्रीट, रंगास्वामी कुलम लाइब्रेरी के सामने, कांचीपुरम-631501 से कार्यालय समय के दौरान तकनीकी बोलियां/मूल्य बोली प्रारूप प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in या https://eprocure.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं तथा उन्हें अपनी तकनीकी बोलियां और मूल्य बोलियां दो अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में तकनीकी/मूल्य बोलियां लिखते हुए **23.06.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया**, क्षेत्रीय कार्यालय कांचीपुरम, नंबर 46 ए, विल्लाकाडी कोइल स्ट्रीट, रंगास्वामी कुलम लाइब्रेरी के सामने, कांचीपुरम-631501 के पते पर जमा करानी चाहिएं।

तकनीकी बोलियां **23.06.2025 को शाम 4.00 बजे** उपर्युक्त पते पर वेंडर / उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी। किसी भी दलाल या बिचौलिए को अनुमति नहीं है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या सरकारी / अर्द्ध सरकारी निकायों द्वारा लीज पर दी जाने वाली संपत्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। बैंक बिना कोई कारण बताए प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता

**क्षेत्रीय प्रमुख**



# राज्य के पहले साइबर सपोर्ट केंद्र का शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने और ऑनलाइन खतरों की बढ़ती चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक सशक्त कदम उठाते हुए पुलिस महानिदेशक यू आर साहू एवं महानिदेशक (साइबर अपराध) हेमन्त प्रियदर्शनी ने यहां पुलिस आयुक्तालय में राज्य का पहला 'साइबर सपोर्ट केन्द्र' का शुभारंभ किया।

साहू एवं प्रियदर्शी ने केंद्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने और ऑनलाइन खतरों की बढ़ती चुनौतियों से निपटने की दिशा में यह सेन्टर एक सशक्त माध्यम बनेगा। यह अग्रणी केन्द्र ऑनलाइन उत्पीड़न से मुकाबला करने, साइबर अपराधों के पीड़ितों को तत्काल सहायता प्रदान करने और साइबर सेफ जयपुर अभियान के अंतर्गत साइबर वेलनेस को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया गया है। इस केंद्र का उद्देश्य डिजीटल उत्पीड़न से उत्पन्न दीर्घकालिन मानसिक और भावनात्मक प्रभावों से निपटना होगा।

कार्यक्रम में जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि यह सेंटर सभी आयु वर्ग के नेटिजन्स के लिए खुला रहकर मददगार बनेगा और यह कानून प्रवर्तन एवं डिजीटल सिस्टम्स में विश्वास को मजबूत करते हुए पीड़ितों को न्याय और रिहेबिलिटेशन की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करेगा। जोसेफ ने बताया कि आंकड़े बताते हैं कि प्रत्येक 3 में से एक बच्चा ऑनलाइन बुलिंग का शिकार होता है। 70 प्रतिशत बच्चों ने और 30 प्रतिशत महिलाओं ने साइबर अपराधों का सामना किया है।

वित्तीय साइबर अपराधों में 24.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे 2024 में 2054 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि राज्य में हर साल लगभग 3,000 साइबर अपराध के मामले दर्ज किए जाते हैं। इनमें से 47.25 प्रतिशत वित्तीय अपराध, 30.16 प्रतिशत यूपीआई घोटाले, 12 प्रतिशत सोशल मीडिया और 11 प्रतिशत यौन उत्पीड़न से संबंधित हैं। तीन वर्षों में, साइबर धोखाधड़ी के कारण पीड़ितों ने 1581 करोड़ गंवाए, जिसमें से पुलिस ने 676 करोड़ होल्ड कराया। हर दिन 10-15 कॉल साइबर स्टॉकिंग, साइबर बुलिंग और उत्पीड़न से जुड़ी समस्याओं को रिपोर्ट करती हैं।

# माफिया राज पर गरजे नेता अशोक गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के ब्यावर जिले के रायपुर थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार कर देने वाला एक मामला सामने आया है, जिसमें दबंगों ने एक व्यक्ति को जेसीबी मशीन से उल्टा लटकाकर अमानवीय यातनाएं दीं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि किस तरह कुछ लोग एक व्यक्ति को जेसीबी से उल्टा लटका कर बेरहमी से मारते-पीटते हैं। घटना के सामने आने के बाद विपक्षी नेताओं ने राज्य सरकार की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि राजस्थान में यह माफिया राज आखिर कब तक चलता रहेगा? जनता पूछ रही है कि पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से चल रहा यह डरावना खेल कब रुकेगा? उन्होंने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य में माफियाओं की गुंडागर्दी चरम पर है और भाजपा सरकार में कानून का कोई खौफ नहीं रह गया है। उन्होंने इस घटना को अमानवीय और क्रूर बताते हुए कहा कि यह कानून व्यवस्था और पुलिस की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अपराधियों को सत्ता का संरक्षण मिल रहा है, जिसके चलते वे बेलगाम हो गए हैं। वहीं, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इसे 'मानवता को शर्मसार करने वाला कृत्य' बताते हुए कहा कि यह केवल एक व्यक्ति पर अत्याचार नहीं बल्कि पूरी व्यवस्था पर कलंक है। उन्होंने लिखा कि यह हैवानियत की सारी हदें पार कर गई है। यह सिर्फ प्रशासन की नाकामी नहीं है, बल्कि सरकार का असली चेहरा है। विपक्ष ने मांग की है कि राज्य सरकार इस पूरे मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई करे, आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके राजनीतिक संबंधों की भी जांच की जाए। साथ ही पुलिस प्रशासन की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए।



# अनेक इलाकों में धूल भरी आंधी व बारिश, दीवार गिरने से मां-बेटी की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। अचानक मौसम बदलने से शनिवार रात राजस्थान के अनेक इलाकों में तेज धूल भरी आंधी आई और बारिश हुई जिससे लोगों को जहां तेज गर्मी से फौरी राहत मिली लेकिन जनजीवन प्रभावित हुआ। खैरथल-तिजारा जिले में दीवार गिरने से एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शनिवार देर रात आई तेज आंधी से भिवाड़ी कस्बे में एक दीवार गिर गई। मलबे में दबने से 21 वर्षीय सुमाया और उसकी एक वर्षीय बेटी की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि घटना में उसका पति घायल हो गया जिसका अलवर के अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। बीकानेर में तूफान के कारण बिजली के कई खंभे उखड़ गए और होर्डिंग, बिजली के तारों पर गिर गए। हालांकि, बाद में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। सीकर के एक गांव में तूफान के कारण बिजली का खंभा गिर गया जिससे आपूर्ति बाधित हुई। इसी तरह, बाड़मेर और जैसलमेर में भी धूल भरी आंधी आई जिससे आम जन जीवन प्रभावित हुआ। धूल का असर रविवार को भी जारी रहा। तूफान के कारण दृश्यता कम हो गई। झुंझुनू में तेज हवाओं और बारिश के कारण कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। ग्रामीण इलाकों में पेड़ गिरने से अनेक सड़कें अवरुद्ध हो गईं।

श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में भी मौसम में आए बदलाव से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। जोधपुर और जैसलमेर में भी मौसम में इसी तरह का बदलाव हुआ और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार रात अनेक जिले में हल्की से मध्यम बारिश हुई, तेज धूल भरी आंधी चली। सबसे ज्यादा बारिश हनुमानगढ़ के नोहर में 53 मिलीमीटर दर्ज की गई। वहीं, झुंझुनू के पिलानी में 49.8 मिलीमीटर, सीकर में 38 मिलीमीटर और तिजारा में 35 मिलीमीटर बारिश हुई।

पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान के कुछ इलाकों में भी बारिश हुई। शनिवार को बाड़मेर में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 5.3 डिग्री अधिक है। वहीं, बीती रात सबसे कम न्यूनतम तापमान बारां के अंता में 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने सोमवार को जयपुर, बाड़मेर और बीकानेर में भीषण गर्मी का 'रेड अलर्ट', जोधपुर के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' और नागौर, पाली, जालौर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है।

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए विभिन्न बलों के अधिकारी सम्मानित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जैसलमेर। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राजस्थान में आंतरिक सुरक्षा को लेकर सेना के साथ समन्यवय और उत्कृष्ट कार्य के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), पुलिस बलों और प्रशासन के अधिकारियों को सेना ने सम्मानित किया। सेना के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सेना द्वारा बेहतर सहयोग देने के लिए सीमावर्ती जिलो में कार्यक्रम आयोजित करके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति डिस्क प्रदान की जा रही हैं।

इसी क्रम में बाड़मेर जिले में जालीपा सैन्य छावनी में आयोजित कार्यक्रम में सेना के गोल्डन कटार डिवीजन के मेजर जनरल आशीष बग्गा ने बाड़मेर जिले के पुलिस प्रशासन, वायुसेना के अधिकारियों और सेना के पूर्व सैनिकों तथा अधिकारियों को प्रशस्ति डिस्क प्रदान की। इससे पहले सोमवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना को बेहतर सहयोग देने के लिए सैन्य कर्मियों के साथ जैसलमेर के पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, बीएसएफ की 166वीं बटालियन के असिस्टेंट कमाण्डेन्ट पंकज मिश्रा सहित सात अधिकारियों को प्रशस्ति डिस्क प्रदान करके सम्मानित किया गया था।

सेना के आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को प्रशंसा के प्रतीक के रूप में, गोल्डन कटार डिवीजन के मेजर जनरल गौरव बग्गा ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भारतीय सेना, बीएसएफ, वायुसेना के अधिकारी, पूर्व सैनिक और सिविल पुलिस कर्मियों को जालिपा सैन्य स्टेशन, बाड़मेर में प्रशस्ति डिस्क प्रदान की। सूत्रों ने बताया कि जैसलमेर के लोंगेवाला में आयोजित कार्यक्रम में सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी को देशहित में किए गए अद्वितीय कार्य निष्पादन के लिए सम्मानित किया।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पुलिस अधीक्षक का कुशल नेत्तृत्व एवं प्रशासनिक निर्देशन बेहतरीन रहा। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ ने युद्धकालीन तैयारी के तहत तुरन्त अपनी युध्द कौशल रणनीतियों को अपनाते हुए अपनी स्थिति मजबूत की। बल ने अपनी रक्षा तैयारियों को बढ़ाया, प्रभावी संचार स्थापित किया और सेना एवं वायुसेना से समन्वय किया। बीएसएफ के अधिकारियों और कार्मिकों ने भारत-पाकिस्तान अन्तरराष्ट्रीय सीमा पर डटे रहकर इस चुनौती का सामना किया।



# कोरोना से फिलहाल चिंतित होने की जरूरत नहीं : खींवसर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर,। राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने शनिवार को कहा कि कोरोना से परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि फिलहाल सब कुछ नियंत्रण में है। देशभर में कोरोना के केस लगातार बढ़ रहे हैं। प्रत्येक राज्य का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। लेकिन, राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री कोरोना की वजह से फिलहाल चिंतित नहीं हैं। गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा, देश में 140 करोड़ की जनसंख्या है। इसमें अबतक 246 लोग संक्रमित हुए हैं। कोरोना का जो नया वेरिएंट है वह उतना खतरनाक नहीं है। फिलहाल कोरोना चिंता का विषय नहीं है। लेकिन, अभी से अलर्ट रहना हम सभी के लिए सही होगा। कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मुंबई, दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम जैसे बड़े शहरों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या ने आम जनता में डर का माहौल बना दिया है।

सवाई मानसिंह अस्पताल में एक गर्भवती महिला को गलत ब्लड ग्रुप का खून चढ़ाने को लेकर हाई पावर कमेटी बनाई गई है जो तथ्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर यह तय करेगी कि किस स्टाफ की गलती थी जिसकी वजह से यह घटना हुई। इस मुद्दे पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, जांच की जा रही है। जो भी जिम्मेदार होगा उसे सजा दी जाएगी। हनुमान बेनीवाल सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा रद्द करने को लेकर रविवार को बड़ी रैली करने वाले हैं। इस पर गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा, हनुमान बेनीवाल दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं कमेटी का सदस्य हूं, हम पूरी जांच कर रहे हैं, कोर्ट ने एक डेट दी है। हम कोर्ट में रिपोर्ट सौंपेंगे हम दबाव में कोई निर्णय नहीं लेंगे।

# तीन कार्यकर्ताओं की सड़क हादसे में मौत से वन्यजीव प्रेमी सदमे में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जैसलमेर जिले में भीषण सड़क हादसे में वन विभाग के कर्मचारी और तीन वन्यजीव कार्यकर्ताओं की मौत ने राज्य में वन्यजीव संरक्षण के लिए काम कर रहे व स्थानीय लोगों को झकझोर दिया है। जैसलमेर जिले के लाठी इलाके में शुक्रवार रात भीषण सड़क हादसे में राधेश्याम पेमानी, श्याम बिश्नोई, कंवराज सिंह भाटी और सुरेंद्र चौधरी की मौत हो गई। सुरेंद्र वन विभाग में कर्मचारी थे तो बाकी युवक वन्य जीव संरक्षण के लिए काम करते थे। पोकरण के धोलिया गांव के रहने वाले राधेश्याम पेमानी (28) को वन्यजीव प्रेमी के रूप में जाना जाता था। खासकर गोडावण (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) के संरक्षण के लिए उन्होंने उल्लेखनीय काम किया। उन्होंने रेगिस्तानी इलाके में पक्षियों और जानवरों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पोकरण क्षेत्र में विशेष पहल की थी। ग्रामीणों के सहयोग से उन्होंने पोकरण में 100 से अधिक छोटे हौद (खेली) बनाए। इन हौद व तालाबों को नियमित रूप से ट्रैक्टरों और टैंकरों के जरिए भरा जाता है। अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा के शिवराज बिश्नोई ने कहा, पेमानी ने वन्यजीव संरक्षण को अपने जीवन का मिशन बना लिया था। उन्होंने जमीनी स्तर पर काम करके दिखाया। उन्होंने रेगिस्तानी इलाके में पक्षियों और जानवरों को पानी उपलब्ध कराने का एक बड़ा मिशन शुरू किया। मैं क्षेत्र के सभी युवाओं से आग्रह करूंगा कि वे इस मिशन को बढ़ाने के लिए आगे आएं।

उन्होंने कहा कि सभा इस हादसे में जान गंवाने वाले चारों वन्यजीव प्रेमियों की याद में एक स्मारक बनाएगी। शिवराज बिश्नोई ने कहा, मैं राज्य सरकार से मांग करता हूं कि उन्हें शहीद का दर्जा दिया जाए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। उन्होंने कहा, मैं क्षेत्र के युवाओं से भी अपील करता हूं कि वे श्याम बिश्नोई के मिशन को जारी रखें और उनके अधूरे काम को आगे बढ़ाएं। उनके परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी। शुक्रवार की रात राधेश्याम पेमानी, श्याम बिश्नोई और कंवराज सिंह भाटी, वन रक्षक सुरेंद्र चौधरी के साथ लाठी क्षेत्र में शिकार की सूचना मिलने के बाद निकले थे और रास्ते में ही उनकी गाड़ी ट्रक से टकरा गई जिससे चारों की मौत हो गई।



# ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ने सिरोही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में की जनसुनवाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने रविवार को सिरोही जिले के विभिन्न पंचायत समिति क्षेत्रों में जनसुनवाई की साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत करवाए गए विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री देवासी ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में विकास कार्य करवाएं जा रहे है। जनसुनवाई के माध्यम से ग्राम पंचायत वार अपेक्षित कार्यों की जानकारी ली जा रही है साथ ही ग्रामीणों से उनकी परिवेदनाएं सुनके निस्तारण किया जा रहा है। राज्य मंत्री देवासी को अपने बीच पाकर ग्रामीण भी बेहद उल्लासित एवं उत्साहित नजर आए। राज्य मंत्री देवासी का ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों द्वारा जोर शोर से स्वागत भी किया गया।

सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य, सड़क निर्माण कार्य, पुलिया मरम्मत कार्य सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न लाभार्थियों को पट्टा वितरण भी किया गया। जिसे प्राप्त कर लाभार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए राज्य मंत्री देवासी एवं प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अधिकारी जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित थे।

# नाहरगढ़ जैविक उद्यान में गर्मी से बचने के लिए दरियाई घोड़ों को खिलाया जा रहा तरबूज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। जयपुर के नाहरगढ़ जैविक उद्यान ने जानवरों को भीषण गर्मी से बचाने के लिए कई इंतजाम किए हैं। उनके बाड़ों में कूलर लगाए गए हैं और उनके आहार में आइसक्रीम और सत्तू शामिल किया गया है। पार्क के प्रबंधकों ने बताया कि जवानों के खाने पीने को मौसम के हिसाब से समायोजित किया गया है। इसमें बाघ और शेर के शावकों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिनकी ये पहली गर्मियां हैं। वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. अरविंद माथुर ने कहा कि पार्क के जानवरों के आहार में फलों की आइसक्रीम शामिल की गई है। जहां भालू को सत्तू, शहद और विशेष फलों की आइसक्रीम दी जा रही है वहीं हिरण और दरियाई घोड़ों को तरबूज और खीरा परोसा जा रहा है। राजस्थान पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी का सामना का रहा है। शनिवार को राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले हफ्ते गर्मी और बढ़ने का अनुमान व्यक्त किया है। उन्होंने बताया, पार्क के जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए विशेष उपाय किए गए हैं। कूलर लगाए गए हैं। बाघों, शेरों और तेंदुओं के खुले बाड़ों में पानी की बौछारें करने के लिए 'रेन गन' लगाई गई हैं। ये उपकरण तापमान को कम रखने में मदद करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एक दरियाई घोड़े ने कुछ दिन पहले ही शावक को जन्म दिया है। इस मां-बच्चे की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त देखभाल की जा रही है। उन्होंने कहा, सांभर (हिरण) के लिए हरी जाली, स्प्रिंकलर सहित पार्क के अन्य जानवरों के लिए तालाब बनाए गए हैं। व्यस्क जानवरों को खुले बाड़ों में रखा गया है, जबकि शावकों को चिड़ियाघर क्षेत्र में रखा गया है, जहां वे आगंतुकों के लिए मुख्य आकर्षण हैं। माथुर ने कहा, पार्क में पैंथर, तेंदुआ, लोमड़ी, बबून और हिरण की विभिन्न प्रजातियों को गर्मी से बचाने के लिए उनके पिंजरों के बाहर पानी के फव्वारे लगाए गए हैं। बाघों और शेरों के बाड़ों में कूलर लगाए गए हैं। नाहरगढ़ जीव उद्यान में एशियाई शेर, बंगाल टाइगर, पैंथर, लकड़बग्घे, भेड़िये, हिरण, मगरमच्छ, भालू और जंगली सूअर सहित अनेक तरह के जानवर हैं। पार्क में इस समय सात शावक सहित 13 बाघ हैं। यह पार्क 720 हेक्टेयर में फैला है और नाहरगढ़ अभयारण्य का हिस्सा है। यह जयपुर-दिल्ली राजमार्ग पर जयपुर से करीब 12 किलोमीटर दूर है।

# ऑपरेशन सिंदूर ने विश्व को दिखाया भारत का संकल्प : खान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान रविवार को एक दिवसीय दौरे पर जोधपुर पहुंचे। जोधपुर एयरपोर्ट पर कलेक्टर गौरव अग्रवाल, एडीएम सुरेन्द्र सिंह राजपुरोहित, आईपीएस हेमंत कलाल सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर ही मीडिया से बातचीत करते हुए राज्यपाल खान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के रुख की सराहना की।

राज्यपाल आरिफ खान ने कहा कि पहली बार देश में पक्ष और विपक्ष दोनों एकजुट होकर आतंक के खिलाफ खड़े हुए हैं। यह संदेश भारत की ओर से सिर्फ पाकिस्तान को नहीं बल्कि पूरे विश्व को दिया गया है कि आतंकवाद को किसी भी सूरत में समर्थन नहीं मिलेगा।

एयरपोर्ट से सर्किट हाउस पहुंचने के बाद गार्ड ऑफ ऑनर के बाद मीडिया से दोबारा संवाद करते हुए राज्यपाल खान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य शक्ति और राजनीतिक एकता दोनों का प्रदर्शन किया है।

# उप्र पुलिस ने फर्जी अधिकारियों के चंगुल से सोना तस्करों को मुक्त कराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुरादाबाद (उप्र)/भाषा।** दुबई से अपने शरीर में छुपाकर लगभग एक किलोग्राम सोना लाने वाले छह तस्करों को सीमा शुल्क विभाग के अधिकारी बनकर आए एक गिरोह के सदस्यों ने अगवा कर लिया। हालांकि पुलिस ने रविवार को एक मुठभेड़ के बाद उन्हें अपहरणकर्ताओं के चंगुल से मुक्त करा लिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सतपाल अंतिल ने यहां बताया कि तस्करों के शरीर से सोने के कुल 29 कैप्सूल निकाले गये हैं और इस सोने का वजन लगभग 950 ग्राम है।

उनके मुताबिक, तस्करों में से चार दुबई से मुंबई और फिर दिल्ली आये थे जबकि दो अन्य दुबई से सीधे दिल्ली पहुंचे। उन्होंने बताया कि वे तस्कर कार से रामपुर जिले के टांडा बादली जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उनके वाहन को मुरादाबाद टोल प्लाजा के पास दो कारों में सवार लोगों ने रोक लिया और उन्हें रोकने वाले लोगों ने खुद को सीमा शुल्क विभाग का अधिकारी बताया और तस्करों को अगवा करके मूढ़ा पांडे थाना क्षेत्र के रोंडा झोंडा गांव के पास एक सुनसान बाग में ले गए।

अधिकारी ने बताया कि वहां, उन्होंने तस्करों को जान से मारने और पेट चीरकर सोना निकालने की धमकी दी।

अंतिल ने बताया कि तस्करों का वाहन चालक जुल्फिकार मौके से भागने में कामयाब रहा और उसने आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 'डायल 112' के जरिये पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए इलाके को घेर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद काशीपुर के तौफीक और मोहम्मद रज़ा को गिरफ्तार कर लिया और वे मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हो गए तथा उनके बाकी साथी मौके से भाग गये और उनका पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

एसएसपी ने बताया कि तस्करों को मुरादाबाद जिला अस्पताल ले जाया गया जहां एक्स-रे से चार व्यक्तियों के शरीर में सोने के कैप्सूल होने की पुष्टि हुई।

उनके मुताबिक, डॉक्टरों ने 'एनीमा' के माध्यम से कैप्सूल निकलवाने शुरू किए और रविवार सुबह तक तस्करों के शरीर से कुल 29 कैप्सूल बरामद किए गये और सभी छह तस्कर फिलहाल पुलिस की हिरासत में हैं तथा घटना के बारे में सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।

# प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में ओडिशा के भारोत्तोलक की सराहना की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बरहमपुर (ओडिशा)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में ओडिशा के 16 वर्षीय भारोत्तोलक की प्रशंसा की जिसने हाल में बिहार में संपन्न हुए खेलो इंडिया युवा खेलों 2025 में भारोत्तोलन में दो नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए।

मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 122वीं कड़ी में कहा, ''भारोत्तोलन प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की अस्मिता ढोने, ओडिशा के हर्षवर्धन साहू और उत्तर प्रदेश के तुषार चौधरी के शानदार प्रदर्शन ने सभी का दिल जीत लिया।''

पटियाला के नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएसएनआईएस) में ट्रेनिंग कर रहे साहू ने कहा, ''मुझे बहुत हैरानी हुई जब प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में खेलो इंडिया के कुछ प्रतिभागियों के साथ मेरा नाम भी लिया।'' उन्होंने कहा, ''उनके संबोधन से मेरा हौसला बढ़ा है और आने वाले टूर्नामेंट में मैं और बेहतर करने की कोशिश करूंगा। मैं उनका आभारी हूं।'' बरहमपुर कस्बे के हरदाखंडी निवासी हर्षवर्धन ने चार से 15 मई तक बिहार में आयोजित सातवें खेलो इंडिया युवा खेलों की अंडर 18 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और नया रिकॉर्ड बनाया। हर्षवर्धन ने 49 किग्रा वर्ग में स्नैच में 88 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में रिकॉर्ड 115 किग्रा वजन उठाया जिससे उनका कुल वजन 203 किग्रा रहा। उन्होंने झारखंड के बाबूलाल हेम्ब्रोम के 202 किग्रा के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा।

खेलो इंडिया में भाग लेने से पहले उन्होंने पेरू के लीमा में आयोजित विश्व युवा चैंपियनशिप में 197 किग्रा (स्नैच 87 किग्रा, क्लीन एंड जर्क 110 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक जीता था।

हर्षवर्धन मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखते हैं। एनएसएनआईएस में जाने से पहले वह पुणे स्थित 'आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट' (एएसआई) में ट्रेनिंग ले रहे थे।

भारोत्तोलन में अर्जुन पुरस्कार विजेता के रवि कुमार ने कहा, ''देश के युवा भारोत्तोलकों विशेषक ओडिशा के युवा भारोत्तोलकों को प्रोत्साहन मिलेगा क्योंकि प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम में राज्य के युवा भारोत्तोलक हर्षवर्धन का नाम लिया है।''




## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर

# रघुबर दास ने दिया आम सहमति बनाने पर जोर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जमशेदपुर/भाषा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर आम सहमति बनाने की जरूरत पर बल दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद विद्युत बरन महतो द्वारा यहां शनिवार शाम को 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि लगातार चुनाव होने के कारण आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है और विकास कार्य बाधित होते हैं। दास ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से न केवल हजारों करोड़ रुपए की बचत होगी, बल्कि प्रशासनिक तंत्र, सुरक्षा बलों और मानव संसाधनों का राष्ट्रहित में बेहतर उपयोग भी हो सकेगा। इस मुद्दे पर आम सहमति बनाने की जरूरत पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि पूरे देश में संवाद और सार्वजनिक चर्चा होनी चाहिए। संविधान संशोधन के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत है।

इस मौके पर महतो ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की एक ऐतिहासिक पहल है।

# लालू प्रसाद ने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को राजद से निष्कासित किया, पारिवारिक संबंध भी तोड़े



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को ''गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार'' के कारण छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया और उनके साथ सभी पारिवारिक संबंध भी तोड़ दिए। प्रसाद ने दोपहर में 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह घोषणा की।

तेजप्रताप के फेसबुक पेज से शनिवार शाम को घोषणा की गई थी कि वह एक युवती के साथ ''12 साल से रिश्ते में हैं। हालांकि, उन्होंने कुछ घंटों बाद ही यह पोस्ट हटा दी और 'एक्स' पर दावा किया कि उनका फेसबुक पेज ''हैक'' हो गया है। तेजप्रताप शादीशुदा हैं और उनकी तलाक याचिका अब भी यहां एक कुटुंब अदालत में लंबित है। सोशल मीडिया पर अपने इस कठोर कदम की घोषणा करने वाले लालू प्रसाद ने पिछले दिन की घटनाओं का कोई उल्लेख नहीं किया, लेकिन अपने बड़े बेटे के ''सार्वजनिक आचरण और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार'' की आलोचना की। लालू प्रसाद ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना सामाजिक न्याय के लिए हमारे सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है। उन्होंने कहा, ''अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह (तेजप्रताप) स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे वो स्वविवेक से निर्णय लें। लोकजीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब बिहार विधानसभा चुनाव में कुछ महीने ही बचे हैं। राजद यह चुनाव लालू प्रसाद के छोटे बेटे तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ेगा। जब इस संबंध में पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से पूछा गया तो उन्होंने एक सधी हुई प्रतिक्रिया दी और साफ तौर पर कहा कि, ''हम ऐसी चीजों को पसंद नहीं करते हैं। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी ने कहा, ''मेरे बड़े भाई वयस्क हैं। वह अपने निजी जीवन में कोई भी विकल्प चुनने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन कुछ ऐसी चीजें हैं जिन्हें हम बर्दाश्त नहीं कर सकते। और यही बात हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में जोर देकर कही है। तेजप्रताप यादव ने 2015 के विधानसभा चुनावों में अपनी राजनीतिक पारी शुरू की थी और वह दूसरी बार विधायक बने हैं। वह दो बार राज्य मंत्रिमंडल में भी रह चुके हैं। हालांकि, अपने छोटे भाई तेजस्वी के विपरीत, वह हमेशा गलत कारणों से चर्चा में रहे हैं।

# देवरिया में छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली 330 टैबलेट स्ट्रांग रूम से गायब, प्राथमिकी दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देवरिया (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं को वितरित किए जाने वाले 330 टैबलेट देवरिया सदर तहसील में बनाए गए स्ट्रांग रूम से गायब पाए गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांच में कस्टोडियन (सरंक्षक) नायब नाजिर राकेश श्रीवास्तव की लापरवाही सामने आई है।

तहसीलदार कृष्ण कुमार मिश्र की तहरीर पर सदर कोतवाली में रविवार को नायब नाजिर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी और कोतवाली पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। देवरिया की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा ने बताया कि महाविद्यालयों व शिक्षण संस्थाओं में छात्र-छात्राओं के बीच वितरण के लिए टैबलेट उपलब्ध कराए गए थे। सदर तहसील में बनाए गए स्ट्रांग रूम में टैबलेट रखे गए थे। शुक्रवार को स्टाक के मिलान में 330 टैबलेट गायब होने की खबर मिली। शर्मा ने बताया कि नायब तहसीलदार शिवेंद्र कौंडिल्य ने प्रकरण की जांच की। उनकी जांच में कस्टोडियन के रूप में तैनात नायब नाजिर की लापरवाही सामने आई है जिन्हें उनकी निगरानी का जिम्मा सौंपा गया था। कौंडिल्य को दिए गए अपने बयान में श्रीवास्तव ने दावा किया कि 19 मई की रात में किसी ने स्ट्रांग रूम का ताला तोड़ दिया था। श्रीवास्तव ने बयान में कहा कि अगले दिन जब उन्हें दरवाजे पर नया ताला लगा मिला तो उन्होंने उसे तोड़ दिया और नया ताला लगा दिया, लेकिन घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को नहीं दी।

# गिल को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा : हरभजन






दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को विराट कोहली और रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा लेकिन युवा टीम का आकलन इतनी जल्दी नहीं किया जाना चाहिए।

गिल को शनिवार को भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि ऋषभ पंत उनके उप कप्तान होंगे क्योंकि अगले महीने इंग्लैंड दौरे से नई विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत होगी।

हरभजन ने कप्तान के रूप में गिल के चयन का स्वागत किया लेकिन कहा कि आगे काफी चुनौतियां हैं।

हरभजन ने रविवार को टीवी शो 'हू इज द बॉस' के लॉन्च के दौरान पीटीआई से कहा, ''शुभमन गिल जैसे युवा कप्तान का होना निश्चित रूप से यह शानदार कदम है जिन्होंने फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन यह एक कठिन दौरा होने जा रहा है। इंग्लैंड कभी भी आसान दौरा नहीं रहा है। यह एक युवा टीम है। विराट कोहली या रोहित शर्मा नहीं हैं, अचानक उस टीम में एक बड़ा खालीपन आ गया है और उसे भी भरने की जरूरत है, इसलिए शुभमन को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा।''

हरभजन ने कहा कि गिल की टीम को समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ''मैं लोगों से यह भी कहना चाहूंगा कि भले ही यह दौरा उनके अनुकूल नहीं हो, लेकिन वे जल्दी से आकलन करना शुरू नहीं करें।'' हरभजन ने कहा, ''भले ही वे जीत नहीं पाएं, तो भी कोई बात नहीं क्योंकि वे इससे सीखेंगे। मुझे विश्वास है कि इस दौरे पर जाने वाले सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।''

## ओडिशा के कुलडीहा में पांच शिकारी गिरफ्तार

**बालासोर/भाषा।** ओडिशा के कुलडीहा क्षेत्र के एक जंगल से पांच शिकारियों को एक देशी बंदूक, धनुष और तीर के साथ गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शनिवार को जब शिकारी कथित तौर पर जंगल के अंदर लगाए गए एक ट्रैप कैमरे को चुराने की कोशिश कर रहे थे और उनकी तस्वीरें अन्य कैमरे में कैद हो गईं।

ट्रैप कैमरे वन्यजीवों की तस्वीरों को कैद करने के लिए लगाए जाते हैं।

उस सूचना के आधार पर वन अधिकारियों की एक टीम ने चेम चाला बीट हाउस के पास एक इलाके में छापा मारा और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि पांच शिकारियों में से चार बालासोर जिले के औपाड़ा क्षेत्र के हैं और एक पड़ोसी मयूरभंज का है। आगे की जांच जारी है।

# भारत बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में की गई गलतियों को सुधारने के लिए तैयार है : छेत्री




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** करिश्माई भारतीय स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने रविवार को कहा कि उनकी टीम 2027 एशियाई कप के क्वालीफाइंग दौर प्रतियोगिता में इस साल मार्च बांग्लादेश के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ में की गई गलतियों को सुधारने के लिए बेताब है।

भारत को 25 मार्च को शिलांग में एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे चरण में ग्रुप सी के अपने शुरुआती मैच में निचली रैंकिंग वाली बांग्लादेश ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया था। इस परिणाम ने टीम के मुख्य कोच मनोलो मार्केज को नाराज कर दिया था। भारत अपना दूसरा मैच 10 जून को कॉव्लून में हांगकांग से खेलेगा। छेत्री ने कहा कि हांगकांग के खिलाफ मैच टीम के लिए खुद को सुधारने का मौका होगा। छेत्री ने कहा, ''बांग्लादेश के खिलाफ मैच के बाद हमारे मन में यह भावना थी कि हमने खुद को और देश को निराश किया है। जब मैंने रीप्ले देखा, तो मुझे लगा कि हम एक टीम के तौर पर और भी बहुत कुछ कर सकते थे। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू मैदान पर खेलते हुए तालिका में बढ़त हासिल करने का यह एक बड़ा अवसर था। हमें कई चीज़ें बेहतर तरीके से करनी चाहिए थीं। इस 40 साल के दिग्गज ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से जारी विज्ञप्ति में कहा, ''उस मैच से सिर्फ एक अंक हासिल करने का दोष मुझे लगता है कि हम खिलाड़ियों को ही मिलना चाहिये। हमने उसके बारे में बात की है। हमने मैच के वीडियो देखे हैं और अपनी गलतियों को सुधारने का इंतजार कर रहे हैं।

भारतीय टीम फिलहाल यहां अभ्यास कर रही है और टीम चार जून को थाईलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के लिए 28 मई को पथुम थानी के लिए रवाना होगी। बांग्लादेश के खिलाफ परिणाम से मार्केज ने यह स्पष्ट कर दिया था कि अगर उन्हें महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना है तो टीम को बहुत सुधार की आवश्यकता है।



# विराट कोहली, अनुष्का शर्मा ने अयोध्या में राम मंदिर में दर्शन-पूजन किया

**अयोध्या (उप्र)/भाषा।** टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद रविवार को भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली अपनी पत्नी एवं अभिनेत्री अनुष्का शर्मा परिवार के साथ अयोध्या पहुंचे जहां उन्होंने हनुमानगढ़ी और भगवान श्री रामलला के दर्शन-पूजन किए। विराट-अनुष्का ने पहले हनुमानगढ़ी जाकर हनुमान जी की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद मांगा। इसके बाद भगवान श्री रामलला का दर्शन किया। हनुमानगढ़ी के महंत संजय दास ने बताया कि दोनों रविवार सुबह हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे और फिर उन्होंने राम मंदिर में दर्शन किए। क्रिकेटर और अभिनेत्री ने अपनी यात्रा के दौरान मीडिया से दूरी बनाए रखी। इससे पहले, 13 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के अगले दिन विराट और अनुष्का वृंदावन पहुंचे थे। दोनों ने प्रेमानंद महाराज को दंडवत प्रणाम कर आशीर्वाद लिया था।

# गिल के लिए इंग्लैंड में अगुवाई करना चुनौतीपूर्ण होगा : पुजारा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिग्गज टेस्ट खिलाड़ी चेतेश्वर पुजारा ने रविवार को कहा कि इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में भारत की कप्तानी करना शुभमन गिल जैसे युवा खिलाड़ी के लिए एक चुनौती होगी। पुजारा ने कहा कि यह गिल के लिए एक बड़ा मौका भी होगा। वह इस दौरे पर अगर कप्तान के तौर पर सफलता हासिल करते हैं तो इससे उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा।

गिल को शनिवार को रोहित शर्मा की जगह नया टेस्ट कप्तान बनाया गया। रोहित और विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत खेल के सबसे लंबे प्रारूप में नए युग की शुरुआत करेगा। रोहित और कोहली ने इस महीने एक सप्ताह के भीतर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।

पुजारा ने भारत के इंग्लैंड दौरे के आधिकारिक प्रसारक 'सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क' द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन बातचीत में रविवार को कहा, '' आप युवा हो या अनुभवी अगर कप्तान के रूप में विदेश जाते हैं तो यह चुनौतीपूर्ण होगा। इंग्लैंड में शुरुआत करना शुभमन के लिए आसान नहीं होगा लेकिन यह एक युवा खिलाड़ी के लिए शानदार मौका है। वह इंग्लैंड में अगर अच्छी कप्तानी करता है तो इससे उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा। पुजारा ने कहा, '' हमने सुना है कि बुमराह इंग्लैंड में पांचों मैच नहीं खेल पायेंगे इसलिए गिल को टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने कहा, '' शुभमन को जिम्मेदारी दी गई है तो इसका मतलब है कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ता सोच रहे हैं कि वह लंबे समय तक टीम का नेतृत्व कर सकते हैं।

सैंतीस साल के पुजारा ने टेस्ट से अभी संन्यास की घोषणा नहीं की है। उन्होंने भारत के लिए अपना पिछला मैच जून 2023 में खेला था। उन्होंने गिल को कप्तानी और बल्लेबाजी को अलग-अलग रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा, '' बल्लेबाज के तौर पर भी उन पर बड़ी जिम्मेदारी है लेकिन मुझे यकीन है कि जिस तरह की प्रतिभा उनमें है वह इंग्लैंड में सफल होंगे। यह निश्चित रूप से उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। मुझे नहीं पता कि कप्तान होने से उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने आएगा या नहीं, लेकिन बल्लेबाज के तौर पर उन्होंने हमेशा टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश की है। पुजारा ने कहा, ''जब आप शीर्ष स्तर पर बल्लेबाज के तौर पर खेल रहे होते हैं तो आप कभी यह नहीं सोचते कि आप कप्तान हैं या खिलाड़ी, आप हमेशा टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। आपको इसे अलग रखना चाहिए। जब आप मध्यक्रम में बल्लेबाजी कर रहे होते हैं तो आपको कप्तानी के बारे में सोचने के बजाय बल्लेबाज के तौर पर सोचना चाहिए।

पुजारा ने भारत के लिए 2010 में पदार्पण करने के बाद 103 टेस्ट मैचों में 7195 रन बनाये है। उनका मानना है कि कप्तानी की जिम्मेदारी से उनका बल्लेबाजी में रवैया नहीं बदलेगा जो आक्रामक है। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि उनकी बल्लेबाजी का तरीका बदलेगा। उन्हें उसी तरह बल्लेबाजी करनी होगी, जिस तरह से वह बल्लेबाजी करते हैं। वह एक आक्रामक खिलाड़ी हैं उन्हें अपने शॉट खेलना पसंद है और उन्हें अपने शॉट खेलना जारी रखना होगा लेकिन साथ ही उन्हें इंग्लैंड की परिस्थितियों को समझना होगा और यह पता लगाना होगा कि कौन सा गेंदबाज सही रहेगा। पुजारा ने खराब फॉर्म के बावजूद इंग्लैंड दौरे के लिए ऋषभ पंत को उप-कप्तान नियुक्त करने के फैसले का समर्थन किया।

## गुजरात टाइटन्स की शीर्ष दो की उम्मीद को लगा झटका

# कॉनवे और ब्रेविस के अर्द्धशतक से सीएसके जीता




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अहमदाबाद/भाषा।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने डेवोन कॉनवे और डेवाल्ड ब्रेविस के अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को 83 रन से शिकस्त दी जिसकी तालिका में शीर्ष दो में रहने की उम्मीदों को झटका लगा।

गुजरात टाइटन्स के नेट रन रेट पर इस हार से काफी असर पड़ा लेकिन वह फिर भी 14 मैच में 18 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए गुजरात की टीम उम्मीद करेगी कि अंतिम लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु (17 अंक) की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स से हार जाए। मुंबई इंडियंस (16 अंक) और पंजाब किंग्स (17 अंक) के बीच होने वाले मुकाबले की विजेता टीम तालिका में गुजरात टाइटन्स से ऊपर पहुंच जाएगी। वहीं सीएसके पहली बार आईपीएल में तालिका में अंत में रहेगी। अनुभवी क्रिकेटर कॉनवे (35 गेंद में 52 रन) और ब्रेविस (23 गेंद में 57 रन) ने विपरीत अंदाज में अर्धशतक जड़े जिससे सीएसके ने पांच विकेट पर 230 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। पर इस लक्ष्य के जवाब में गुजरात टाइटन्स की टीम 18.3 ओवर में 147 रन पर सिमट गई। गुजरात टाइटन्स के लिए केवल छह बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके जबकि साई सुदर्शन 41 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। शुभमन गिल को शनिवार को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। गुजरात टाइटन्स के फॉर्म में चल रहे कप्तान गिल 13 रन बनाकर आउट होने वाले पहले खिलाड़ी रहे। इसके बाद लगातार विकेट गिरने का सिलसिला जारी रहा। टीम ने पावरप्ले में 35 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए थे।

साई सुदर्शन 10वें ओवर तक टिके रहे, वह आउट होने वाले पांचवें खिलाड़ी रहे। उन्होंने और शाहरुख खान (19 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 34 गेंद में 55 रन जोड़े।

## सुविचार

**किसी की निंदा मत करोः यदि तुम मदद के लिए हाथ बढ़ा सकते हो, तो ऐसा करो। यदि आप नहीं कर सकते हैं, तो अपने हाथ जोड़कर अपने भाइयों को आशीर्वाद दें और उन्हें अपने रास्ते जाने दें।**


## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# देशप्रेम के साथ विकास का संकल्प लें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम की 122वीं कड़ी में देश में आ रहे उस सकारात्मक बदलाव का जिक्र किया है, जिसके साथ देशप्रेम और स्वदेशी की अवधारणा बहुत मजबूती के साथ जुड़ी हुई है। आज लोग नवजातों के नाम 'सिंदूर' रख रहे हैं। यह दिखाता है कि आम भारतवासी के मन में 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर गहरा उत्साह है, वह देश के सशस्त्र बलों से बहुत लगाव रखता है। पहले, ऐसी सैन्य कार्रवाइयों के बारे में विस्तृत जानकारी उच्च शिक्षित वर्ग तक ही सीमित रहती थी। अब आम लोग यह चर्चा करते मिल जाते हैं कि पाकिस्तान और पीओके में भारतीय मिसाइलों ने किन ठिकानों पर तबाही मचाई, हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने कितना शानदार काम किया! जनता अब ज्यादा जागरूक है। वह राष्ट्रीय सुरक्षा के संबंध में ज्यादा सजग है। जब 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत कार्रवाई जोरों से जारी थी, तब पाकिस्तान ने दुष्प्रचार का बहुत सहारा लिया था। उस दौरान भारत की जनता ने बहुत ही संयम और सूझबूझ का परिचय दिया, जो अत्यंत प्रशंसनीय है। पाकिस्तान के कथित बड़े पत्रकार, जो सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो पोस्ट कर अपनी फौज की नाकामी को ढकने की कोशिश कर रहे थे, उनकी पोल भारत की जनता ने मिनटों में खोल दी थी। यह भी हैरानी की बात है कि देश में कुछ 'बुद्धिजीवी' पाकिस्तान के झांसे में आ गए थे। उन्होंने बिना कोई जांच-पड़ताल किए फर्जी पोस्ट शेयर की, बाद में किरकिरी होने पर उसे हटाना भी पड़ा।

भारतवासियों के मन में उठी देशप्रेम की इस अद्भुत लहर से बड़े-बड़े काम कराए जा सकते हैं। इस ऊर्जा का इस्तेमाल हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने के लिए होना चाहिए। सरकार ऐसी योजनाएं लेकर आए, जिनके जरिए देश की युवा शक्ति को रोजगार मिले। पाकिस्तान और पीओके स्थित आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करना यकीनन देशभक्ति का कार्य है। वहीं, अपने देश में नवनिर्माण करना, उद्योग लगाना भी देशभक्ति का कार्य है। आज भारत के समक्ष जिस तरह की रक्षा चुनौतियां उभर रही हैं, उनके मद्देनज़र बहुत जरूरी है कि वैज्ञानिक शोध में निवेश बढ़े, देश हथियारों एवं रक्षा तकनीक के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर बने। इसके लिए धन चाहिए। कुछ विदेशी शक्तियां नहीं चाहतीं कि भारत मजबूत हो। वे विभिन्न तरीकों से मार्ग अवरुद्ध करती रहती हैं। भारत इन परिस्थितियों का दृढ़ता से सामना कर रहा है। जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना इसका ताजा प्रमाण है। जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत होती जाएगी, वैज्ञानिक शोध में नए मार्ग भी खुलते जाएंगे। देश के पास समृद्ध और शक्तिशाली होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसके लिए भारत के हर गांव को विकसित बनाना होगा। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के काटेझरी गांव का जिक्र करते हुए बताया था कि वहां पहली बार एक बस पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया। बेशक गांव के लिए यह खुशी की बात है। हमें इसके दूसरे पहलू को भी देखना चाहिए। क्या वजह है कि इस गांव में एक बस को आने में इतने साल लग गए? सरकारी स्तर पर प्रयासों में कुछ तो कमियां रही होंगी, जिनकी वजह से काटेझरी के निवासी अब तक बस सुविधा से वंचित रहे! परिवहन, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा, इंटरनेट जैसी सुविधाएं हर गांव में होनी चाहिएं। आज इनके बगैर गुजारा नहीं हो सकता। सोशल मीडिया पर ऐसे कई वीडियो प्रसारित होते रहते हैं, जिनमें बताया जाता है कि फलां गांव में पहली बार बिजली पहुंची, पहली बार पानी की पाइप लाइन बिछी, पहली बार कंप्यूटर पहुंचा ...। पहली बार ये सुविधाएं मिलने पर खुशी होना स्वाभाविक है, लेकिन इंतजार इतना लंबा भी नहीं होना चाहिए। भारत विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़े, इसके लिए मूलभूत सुविधाएं सबको मिलनी चाहिएं।

## ट्वीटर टॉक



छत्तीसगढ़ की झीरम घाटी में 2013 में हुए नक्सली हमले में शहीद हुए हमारे वीर जवानों, कर्तव्यनिष्ठ एवं निडर कांग्रेस नेताओं की शहादत को मैं सादर नमन करता हूँ। उनका यह सर्वोच्च बलिदान सदैव याद रखा जाएगा। विनम्र श्रद्धांजलि।

**-सचिन पायलट**



जेल से इलाज के लिए निकले बदमाश होटलों में आपत्तिजनक हालत में मिल रहे है।प्रदेश के हालात इतने बदतर हो गए हैं कि अब पुलिस की पकड़ में अपराधी नहीं, बल्कि कानून ही अपराधियों की कठपुतली बन गया है।

**-टीकाराम जूली**



आज रोटरी क्लब, पाली में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए परिंडे लगाएं। पक्षियों की प्यास बुझाना एक पुण्य कार्य है। आइए, हम सब मिलकर इस प्रयास को जनअभियान बनाएं। आप सभी अपने घरों के बाहर एक परिंडा अवश्य बांधें और प्रतिदिन उसमें स्वच्छ पानी भरें।

**-मदन राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

# स्पर्श से नया जीवन

वर्ष 1887 में, मात्र 20 वर्ष की आयु में एनी सुलिवन को 7 वर्षीया हेलेन केलर की शिक्षिका नियुक्त किया गया। हेलेन न देख सकती थीं, न सुन सकती थीं, और न ही बोल सकती थीं। इस कारण उनका व्यवहार आक्रामक और अस्थिर हो गया था, क्योंकि वे बाहरी दुनिया से पूरी तरह कट चुकी थीं। एनी ने हार नहीं मानी। उन्होंने हेलेन को स्पर्श के माध्यम से सिखाने का प्रयास किया हेलेन के हाथ पर अक्षर बनाकर उन्हें चीज़ों के नाम समझाने की कोशिश की।

शुरू में हेलेन को कुछ भी समझ नहीं आया। लेकिन एक दिन, जब एनी ने एक हाथ में पानी डाला और दूसरे हाथ पर 'वाटर' लिखा, तब पहली बार हेलेन को यह समझ आया कि हर चीज़ का एक नाम होता है। यह क्षण उनके जीवन का मोड़ बन गया। इसके बाद हेलेन ने न केवल बोलना सीखा, बल्कि पढ़ाई में भी उत्कृष्टता हासिल की। वे दृष्टि और श्रवण बाधित होने के बावजूद कॉलेज की डिग्री प्राप्त करने वाली पहली व्यक्ति बनीं। आगे चलकर वे एक प्रसिद्ध लेखिका, प्रेरक वक्ता और समाजसेवी बनीं।

## सामयिक



**वर्तमान में भारतीय सशस्त्र बलों में नियुक्तियों में लैंगिक आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। पुरुष और महिला जवानों की हथियारों और सेवाओं के लिए तैनाती में किसी प्रकार का अंतर नहीं किया जाता है। सभी की पोस्टिंग सेना की जरूरतों के अनुसार की जाती है। भारतीय सेना में महिला अफसरों को परमानेंट कमिशन के लिए 23 नवंबर 2021 को एक जेंडर न्यूट्रल करियर प्रोग्रेशन पॉलिसी लाई गई थी।**

# सेना में दिखने लगा महिला शक्ति का दम

रमेश सर्राफ धमोरा
मोबाइल : 9414255034

भारतीय सेना में महिला शक्ति का दम दिखाई देने लगा है। पुरुषों की तरह महिलाएं भी सेना में बढ़ चढ़कर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग में सेना की दो महिला अधिकारियों द्वारा युद्ध से संबंधित जानकारी देना एक महत्वपूर्ण कदम रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत के पराक्रम की तस्वीर को पूरी दुनिया के सामने पेश किया और बताया कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने कैसे और क्या कार्यवाही की। सेना की दोनों महिला अधिकारियों ने सैनिक कार्यवाही की हर दिन प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से देश दुनिया को ताजा जानकारी प्रदान कर यह दिखा दिया कि भारत में महिला शक्ति भी किसी से कम नहीं है।

भारत में सदियों से महिलाओं को मातृशक्ति का दर्जा दिया जाता रहा है। कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः ।। अर्थातः जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रमते हैं। जहां नारियों की पूजा नहीं होती, वहां किए गए सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं। हम देश में साल में दो बार नवरात्र पर मातृशक्ति रूपी मा दुर्गा की पूजा कर देश दुनिया को यह संदेश देते हैं कि मातृ शक्ति भी किसी से कम नहीं है। अब तो हमारी सेना में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी उत्कृष्ट क्षमता दिखा दी है। महिलाएं फाइटर प्लेन उड़ा रही है। तो युद्ध भूमि में हर प्रकार की भूमिका निभाने को तैयार नजर आ रही है।

भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास लंबे संघर्ष और बदलावों से भरा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही महिलाएं भारत की सुरक्षा और सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देती रही हैं। लेकिन सेना में औपचारिक तौर पर उनकी नियुक्ति का रास्ता बहुत बाद में खुला। साल 1943 में बनी रानी झांसी रेजिमेंट, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज का हिस्सा थी। यह पहली बार था जब महिलाएं युद्ध के मोर्चे पर सक्रिय रूप से दिखाई दी। आजादी के बाद भी सशस्त्र बलों में महिलाओं को लंबे समय तक सहायक भूमिकाओं तक ही सीमित रखा गया।

भारत की तीनों सेनाओ (थल सेना, नौसेना, वायु सेना) में महिलाओं की संख्या को लेकर अगस्त 2023 में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने संसद में बताया था कि तीनों सेना में 11414 महिलाएं सेवाएं दे रही है। थल सेवा में 7054 महिलाएं सेवारत है। इनमें 1733 महिला अधिकारी है। यह आंकड़ा 1 जनवरी 2023 तक का है। भारतीय वायु सेवा में 1654 अधिकारी सेवारत है जबकि 155 महिलाएं एयर मेन (अग्निवीर) के रूप में सेवा दे रही है। भारतीय नौसेना में 580 महिलाएं अधिकारी के रूप में सेवारत है जबकि 727 महिलाएं सैलर्स (अग्निवीर) के तौर पर तैनात है।

इसी तरह 1212 महिलाएं भारतीय थल सेना के आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में 168 महिलाएं आर्मी डेंटल कार्स में और 3841 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में कार्यरत है। 151 महिलाएं नौसेना के मेडिकल कॉर्प्स में 10 महिलाएं डेंटल कार्य और 380 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है। 274 महिलाएं भारतीय वायु सेवा के मेडिकल कॉर्प्स में पांच महिलाएं डेंटल कॉर्प्स में और 425 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है।

पहले महिलाओं को शार्ट सर्विस कमीशन में ही लिया जाता था। लेकिन फरवरी 2020 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन मिलने लगा है। अब एनडीए की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीटों पर लड़कियां सिलेक्ट होती है और वह भी ओपन कंपटीशन में मुकाबला करके। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मार्च 2025 में संसद में बताया था कि 2022 में महिला कैडेट्स के पहले बैच की एंट्री के बाद से अब तक एनडीए में 126 महिलाओं को एडमिशन मिला है। आर्म्ड फोर्सज में आने के बाद उनके लिए भी अवसर समान होते हैं। उनका करियर प्रोग्रेस वैसा ही होगा जैसा लड़कों का होगा। सर्विस रूट समान होते हैं। अब हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारी सेना में पूरी तरह जेंडर न्यूट्रलाइजेशन हो गया है।

सेना में आज हमारी महिला कॉम्बैट पायलट भी है। जो मिसाइल चलती है मोर्चे पर भी जाती है। वह इंजीनियरिंग का कार्य भी देखती है और सैटेलाइट को भी नियंत्रित करती है। अब महिलाएं डिफेंस भी करती है। टेक्निकल इंटेलिजेंस भी एकत्रित करती है। अभी तक आमने-सामने की लड़ाई में महिलाओं को नहीं भेजा जाता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले की स्क्वाड्रन लीडर मोहन सिंह 2016 में भारतीय वायु सेवा की तेजस फाइटर स्पाइडर में शामिल होने वाली पहली महिला बनी। इससे पहले वह मिग 21 बाइसन फाइटर प्लेन भी उड़ा चुकी है। ग्रुप कैप्टन सालिया धामी वायु सेवा की ऐसी पहली महिला अधिकारी बनी है जो फ्रंटलाइन काम्पैक्ट यूनिट की कमान संभाल रही है। फ्लाइंग यूनिट की फ्लाइट कमांडर बनने वाली भी वह पहली महिला अधिकारी है। भारत की सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा और थलसेना एवं नौसेना की चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व महिला अधिकारी ही कर रही हैं।

रक्षा बलों में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की दिशा में भारत की प्रगति धीमी रही है। लेकिन लोगों का मानना है कि इसमें लगातार प्रगति हुई है। अब एक साथ बहुत सारी महिलाएं प्रमुख भूमिकाओं में हैं। वे दूसरों के लिए रास्ता बना रही हैं। उनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। अगर वे अच्छा काम कर रही हैं तो उन्हें स्वीकार करना आसान होगा और आने वाली महिलाओं के लिए रास्ता साफ हो जाएगा।

शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत महिलाएं केवल 10 या 14 साल तक सेवाएं दे सकती हैं। इसके बाद वो सेवानिवृत्त हो जाती हैं। लेकिन अब उन्हें स्थायी कमीशन के लिए आवेदन करने का भी मौका मिलेगा। जिससे वो सेना में अपनी सेवाएं आगे भी जारी रख पाएंगी और रैंक के हिसाब से सेवानिवृत्त होंगी। साथ ही उन्हें पेंशन और सभी भत्ते भी मिलेंगे। 1992 में पांच साल के लिये शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए महिलाओं का पहला बैच भर्ती हुआ था। इसके बाद इस सर्विस की अवधि को 10 साल के लिए बढ़ाया गया। 2006 में शार्ट सर्विस कमीशन को 14 साल कर दिया गया।

भारतीय सेना अब महिलाओं को सशत्र बल में नियुक्ति के लिए उनके लिए तय की गई नीतियों को लागू कर प्रोत्साहित करती है। इसके लिए महिलाओं के लिए आर्मी मेडिकल कोर, आर्मी डेंटल कोर और मिलिटरी नर्सिंग सेवाओं के लिए परमानेंट कमिशन को मंजूरी दी गई है। अब 11 आर्म्स एंड सर्विसेज में महिला अधिकारियों को परमानेंट कमिशन मिलता है। जिनमें आर्मी सर्विस कोर, आर्मी आर्डनेंस कोर, आर्मी एडुकेशन कोर, जज एडवोकेट जनरल ब्रांच, इंजीनियर कोर, सिगनल कोर, इलेक्ट्रॉनिक्स और मकैनिकल कोर, इंटेलीजेंस कोर, आर्मी एयर डिफेंस, आर्मी एविएशन, रीमाउंट एंड वेटनरी कोर आदि शामिल हैं। परमानेंट कमिशन के बाद महिला अधिकारी इंडियन आर्मी के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में शामिल आर्टिलरी का हिस्सा बनने लगी है। सेना आर्टिलरी की लगभग 300 रेजिमेंट और लगभग 5,000 अधिकारी हैं। आर्टिलरी में शामिल महिला अधिकारियों की बोफोर्स, होवित्जर, के-9 वज्र जैसी तोपों पर भी 2023 में तैनाती की अनुमति दी जा चुकी है।

वर्तमान में भारतीय सशस्त्र बलों में नियुक्तियों में लैंगिक आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। पुरुष और महिला जवानों की हथियारों और सेवाओं के लिए तैनाती में किसी प्रकार का अंतर नहीं किया जाता है। सभी की पोस्टिंग सेना की जरूरतों के अनुसार की जाती है। भारतीय सेना में महिला अफसरों को परमानेंट कमिशन के लिए 23 नवंबर 2021 को एक जेंडर न्यूट्रल करियर प्रोग्रेशन पॉलिसी लाई गई थी। इसके जरिए महिलाओं को हथियारों व अन्य सेवाओं में समान अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।

## नजरिया

# ओटीटी का रोमांचक सफर और मनोरंजन क्रांति का जलवा

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218

डिजिटल क्रांति ने देश में मनोरंजन के तरह तरह के साधन उपलब्ध करा दिए है। इनमें एक ओटीटी प्लेटफार्म भी है। आजकल ओटीटी की चर्चा खूब हो रही है। ओटीटी की फुल फॉर्म 'ओवर द टॉप' होती है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जो कुछ और प्लेटफॉर्म्स की मदद से मोबाइल पर ही वेब सीरीज, फिल्में, और सीरियल उपलब्ध करा देता है। भारत में भी बहुत तेजी से ओटीटी का क्रेज बढ़ रहा है। अब लोग सिनेमा हाल के स्थान पर घर बैठे ओटीटी प्लेटफार्म पर ही हर प्रकार की सीरीज को देखना पसंद कर रहे हैं। ओटीटी दुनिया का सबसे तेजी से उभरता और सबसे बड़ा बाजार माना जा रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में देश में ओटीटी देखने वाले दर्शकों की संख्या 550 मिलियन तक पहुंच गई है। यह 2023 की तुलना में काफी ज्यादा है, जो इस डिजिटल क्रांति के तेजी से बढ़ने का संकेत देता है। इंटरनेट की रफ्तार बढ़ना, स्मार्टफोन का चलन बढ़ना और टेलीकॉम कंपनियों के बीच डेटा के दाम कम करने की होड़ इस बढ़ते हुए दर्शक वर्ग का कारण हैं। दरअसल कोरोना महामारी के दौर में डिजिटल वर्ल्ड में एक गजब की क्रांति हुई। इस दौरान लोग घरों में बंद थे। उन्हें मनोरंजन की तलाश थी। विशेषकर युवा वर्ग अपने मोबाइल पर कुछ न कुछ खोज रहे थे। और उन्हें घर बैठे यह सुविधा ओटीटी प्लेटफॉर्म ने सुलभ करा दी। इससे शहर से गांव तक ओटीटी प्लेटफॉर्म का चलन बढ़ गया। मोबाइल पर ही लोगों को मनपसंद वेब सीरीज, फिल्में और शो मिलने लगे। अब उन्हें कहीं जानें की जरुरत नहीं थी। सिनेमा हाल में तीन चार घंटे बिताने की भी कोई जरुरत नहीं थी। देखते देखते 'ओटीटी' प्लेटफॉर्म्स' सबका चहेता बन गया और मनोरंजन के साथ मोज़ मस्ती तक लोगों की पहुंच आसान हो गई। अमेरिका से होते हुए भारत में सबसे पहली बार साल 2008 में ओटीटी प्लेटफॉर्म की शुरुआत हुई थी। रिलायंस एंटरटेनमेंट ने देश का पहला ओटीटी प्लेटफॉर्म इळसषश्रळ लॉन्च किया था। दो साल बाद 2010 में उ्ळसळ्रींीश ने छ्एदत्र ढत नाम से ओटीटी मोबाइल ऐप लॉन्च किए गए। इनमें वीडियो ऑन डिमांड के साथ टीवी देखने की भी सुविधा मिली। वर्तमान में भारत में कई तरह के ओटीटी प्लेटफॉर्म्स हैं। नेटफ्लिक्स, अमेज़न प्राइम वीडियो, डिज़्नी+ हॉटस्टार वूट, हुलु ,सोनी लिव, जी फाइव और एमएक्स प्लेयर आदि अब सब जगह आसानी से उपलब्ध है। ओटीटी सर्विस वर्तमान में बहुत पॉपुलर हो गई है।ओटीटी जैसे जैसे लोगों में लोकप्रिय हुआ वैसे वैसे अच्छाइयों के साथ बुराइयां भी इसमें शामिल हो गई है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिए नई गाइडलाइंस जारी की हैं। गाइडलाइंस में अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट पर सख्ती बढ़ाई गई है, ताकि बच्चों और युवाओं को अश्लील तथा अनुचित कंटेंट देखने से रोका जा सके। वेब सीरीज में दरअसल देश के मनोरंजन परिदृश्य में बड़े पैमाने पर क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं और इस क्रांति के केंद्र में ओवर-द-टॉप (ओटीटी) की उल्लेखनीय भूमिका है। ओटीटी ने देश में बड़ी हलचल मचा दी हैं। ओटीटी से सबसे ज्यादा हमारा युवा वर्ग आकर्षित हुआ है। इसका उपयोग मुख्य रूप से वीडियो ऑन डिमांड प्लेटफॉर्म्स, ऑडियो स्ट्रीमिंग, ओटीटी डिवाइसेस, वोइसआईपी कॉल, एवं कम्युनिकेशन चैनल मैसेजिंग आदि के लिए किया जाता है। ओटीटी प्लेटफार्मों में नेटफ्लिक्स, अमेज़ॅन प्राइम वीडियो, डिज्नी + हॉटस्टार, हुलु और यूट्यूब टीवी शामिल हैं। ये प्लेटफ़ॉर्म आमतौर पर फिल्मों, टीवी श्रृंखला, वृत्तचित्रों, लाइव स्पोटर्स और समाचार सहित सामग्री की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं।




**ओटीटी प्लेटफार्म का प्रभाव इतना बढ़ गया है कि अमेरिका की दो सबसे बड़ी कंपनिया नेटफ्लिक्स और अमेज़न प्राइम ने भारतीय भाषा में कंटेंट बनाना शुरू कर दिया है। भारत में अमेज़न प्राइम, नेटफ्लिक्स, जी 5, हॉटस्टार प्रीमियम, अल्ट बालाजी जैसे कुछ सबसे प्रसिद्ध एप्लीकेशन है जिनकी मदद से हम वेबसीरिज का आनंद उठा सकते है। वेब सीरीज के संवादों में गाली-गलौज से लेकर लिंगसूचक, जातिगत और व्यक्तिगत टिप्पणी का बोलबाला अधिक हो रहा है जो हमारे सामाजिक ताने बाने को क्षतिग्रस्त कर रहे है। एक सर्वे के अनुसार वेबसीरीज में समाहित सामग्रियों का समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करने की प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और दिल्ली के उत्तरदाताओं के मत को इकट्ठा किया है।**

ओटीटी प्लेटफार्म का प्रभाव इतना बढ़ गया है कि अमेरिका की दो सबसे बड़ी कंपनिया नेटफ्लिक्स और अमेज़न प्राइम ने भारतीय भाषा में कंटेंट बनाना शुरू कर दिया है। भारत में अमेज़न प्राइम, नेटफ्लिक्स, जी 5, हॉटस्टार प्रीमियम, अल्ट बालाजी जैसे कुछ सबसे प्रसिद्ध एप्लीकेशन है जिनकी मदद से हम वेबसीरिज का आनंद उठा सकते है। वेब सीरीज के संवादों में गाली-गलौज से लेकर लिंगसूचक, जातिगत और व्यक्तिगत टिप्पणी का बोलबाला अधिक हो रहा है जो हमारे सामाजिक ताने बाने को क्षतिग्रस्त कर रहे है। एक सर्वे के अनुसार वेबसीरीज में समाहित सामग्रियों का समाज पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करने की प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और दिल्ली के उत्तरदाताओं के मत को इकट्ठा किया है। उत्तरदाताओं से मिले जवाब के अनुसार आज अमेज़न सबसे अधिक देखा जाने वाला ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म है। वहीं आज ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म पर क्राइम पर आधारित शो या ऐसे शो जिसमें क्राइम सम्बन्धित कंटेंट अधिक शामिल हों, अधिक देखने को मिल रहे हैं। वहीं लगभग 70 प्रतिशत लोगों का मानना है कि आज ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म पर दिखाए जाने वाले कंटेंट लोगों, खासकर युवाओं के मन-मस्तिष्क, रहन-सहन और समाज पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश भारत है। आज हमारा युवा नशाखोरी के मकड़जाल में फंसता जा रहा है। इन दिनों ओटीटी प्लेटफॉर्म का खूब बोलबाला है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वेब सीरीज में सरे आम नशे और अश्लीलता को परोसा जा रहा है। गन्दी बात के साथ ड्रग्स, सिगरेट और शराब का सरेआम सेवन हो रहा है। युवा वर्ग आजकल फिल्मों के स्थान पर वेब सीरीज में अधिक डूबा हुआ है।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत



## ताजमहल की सुरक्षा और बेहतर करने के लिए स्थापित की जाएगी ड्रोन रोधी प्रणाली

आगरा (उप्र)/भाषा

विश्व धरोहर ताज महल की सुरक्षा को और पुख्ता करने और संभावित हवाई खतरों से निपटने के लिए परिसर में जल्द ही ड्रोन रोधी प्रणाली स्थापित की जाएगी।

अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि वर्तमान में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संरक्षित ताज महल को जल्द ही उन्नत 'ड्रोन न्यूट्रलाइजेशन' तकनीक के रूप में सुरक्षा के लिए एक अतिरिक्त कवच मिलेगा। उन्होंने बताया कि यह कदम 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद उत्पन्न चिंताओं के मद्देनजर उठाया गया है। उनके मुताबिक, उस दौरान पाकिस्तान ने भारत के विभिन्न हिस्सों में ड्रोन हमलों का प्रयास किया था। हालांकि ऐसे सभी प्रयासों को भारतीय सुरक्षा बलों ने बेअसर कर दिया था।

सहायक पुलिस आयुक्त (ताज सुरक्षा) सैयद अरीब अहमद ने रविवार को बताया, ताजमहल परिसर में एक ड्रोन रोधी प्रणाली स्थापित की जाएगी। इस प्रणाली की रेंज सात-आठ किलोमीटर होगी। हालांकि यह ताजमहल के मुख्य गुंबद से 200 मीटर के दायरे में काम करेगी।

अहमद ने कहा कि जैसे ही कोई ड्रोन ताजमहल के आसपास आयेगा, ड्रोन रोधी प्रणाली उसके सिग्नल को तोड़कर उसे गिरा देगी। उन्होंने बताया, ड्रोन रोधी प्रणाली को संचालित करने के लिए पुलिस कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रतिक्रिया टीम बनाई जाएगी। प्रतिक्रिया टीम, जहां से ड्रोन उड़ रहा है उसको ट्रैक करेगी और ड्रोन जहां गिरेगा वहां जाएगी। अगले कुछ दिनों में ही ड्रोन रोधी प्रणाली स्थापित कर दी जाएगी। यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल के तौर पर घोषित ताजमहल देश के उन स्मारकों में शामिल है जहां सबसे ज्यादा सैलानी आते हैं।



## वेब सीरीज 'छल कपट द डिसेप्शन' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

जी5 ने अपनी आगामी ओरिजिनल वेबसीरीज, छल कपट द डिसेप्शन का टीजर रिलीज कर दिया है। जून में जी5 पर प्रीमियर होनेवाली छल कपट द डिसेप्शन, अजय भुयान द्वारा निर्देशित, जगरनॉट प्रोडक्शन द्वारा निर्मित की गयी है। श्रिया पिलगांवकर की मुख्य भूमिकावाली इस सीरीज़ में काम्या अहलावत, रागिनी द्विवेदी, तुहिना दास, याहवे शर्मा, प्रणय पचौरी, स्मरण साहू और अनुज सचदेवा भी शामिल हैं। 'छल कपट द डिसेप्शन' की कहानी बुरहानपुर में एक अंतरंग शादी के दौरान सेट की गयी है। कहानी तब एक गहरा मोड़ लेती है जब दुल्हन की सबसे अच्छी सहेलियों में से एक मृत पाई जाती है। यह उत्सव जीवन भर के दोस्तों के बीच रहस्यों, आक्रोश और विश्वासघात से भरी एक तनावपूर्ण रहस्यपूर्ण कहानी में बदल जाता है। इंस्पेक्टर देविका (श्रेया पिलगांवकर द्वारा अभिनीत) हत्या की जांच का नेतृत्व करती है। देविका एक तेजतर्रार पुलिस अधिकारी है जिसका अतीत संदिग्ध है और उसकी प्रवृत्ति तेज है।

जैसे-जैसे दबी हुई सच्चाई सामने आती है, रिश्तों की परीक्षा होती है और वफादारी और धोखे के बीच की रेखा धुंधली होने लगती है।

## शेरों की आबादी 674 से बढ़कर 891 होना 'बहुत उत्साहजनक': नरेन्द्र मोदी

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि गुजरात के गिर वन में एशियाई शेरों की आबादी सिर्फ पांच साल में 674 से बढ़कर 891 हो गई है और यह बहुत उत्साहजनक वृद्धि है।

मोदी ने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 122वीं कड़ी में इस सफलता का श्रेय क्षेत्र के लोगों के सामूहिक प्रयासों और आधुनिक तरीकों के उपयोग को दिया। उन्होंने कहा, ''शेरों की गणना के बाद सामने आई शेरों की यह संख्या बहुत उत्साहवर्धक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 जिलों में 35,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में की गई गणना में शेरों की संख्या का पता चला है। उन्होंने कहा कि कवायद में शामिल टीमों ने चौबीस घंटे काम किया, ताकि सटीक परिणामों का सत्यापन और 'क्रॉस-सत्यापन' सुनिश्चित किया जा सके।

मोदी ने स्थानीय समुदायों की भागीदारी और गुजरात में वन अधिकारियों के रूप में महिलाओं की भर्ती की प्रशंसा करते हुए कहा, ''एशियाई शेरों की आबादी में वृद्धि दर्शाती है कि जब समाज में स्वामित्व की भावना मजबूत होती है, तो आश्चर्यजनक परिणाम सामने आते हैं।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रधानमंत्री के विचार 'भारत के मन की बात' को व्यक्त करते : योगी आदित्यनाथ

लखनऊ/भाषा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'मन की बात' में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर व्यक्त किए गए विचार 'भारत के मन की बात' को व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के 122वें 'मन की बात' कार्यक्रम को दिल्ली में सुनने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर शृंखलाबद्ध पोस्ट में उनकी सराहना की। पोस्ट में योगी ने कहा आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के विषय में आज 'मन की बात कार्यक्रम' में व्यक्त विचार 'भारत के मन की बात' को अभिव्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 140 करोड़ भारतवासी आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट हैं और पूर्ण विश्वास व प्रतिबद्धता से भारतीय सेना के साथ खड़े हैं।

योगी ने कहा आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में स्वदेशी हथियारों, उपकरणों और तकनीक की सफलता से विश्व ने 'आत्मनिर्भर भारत' की गूंज को सुना है। उन्होंने कहा, भारत के जन-गण के मन को राष्ट्र प्रथम की भावना, राष्ट्रवादी चेतना और स्वदेशी गौरव बोध से दीप्त करते उद्बोधन के लिए प्रधानमंत्री जी का



हार्दिक आभार। लखनऊ में जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में शिरकत के लिए गए दिल्ली गए योगी ने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय मंत्रियों और अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 122वें 'मन की बात' कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धियों की सराहना की। हाल में बिहार में संपन्न हुए 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' 2025 में प्रदेश के तीन खिलाड़ियों- बरेली के कादिर खान, वाराणसी के शेख जीशान और बिजनौर के तुषार चौधरी ने रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

मोदी ने इन युवा प्रतिभाओं की मेहनत और लगन को प्रेरणादायक बताया। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश के शहद उद्योग में बढ़ रहे 'हनी उद्यमियों' की भी प्रशंसा की। योगी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रदेश के तीनों खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही उन्होंने शहद उत्पादन में प्रदेश की प्रगति को 'मधुमय अभियान' बताते हुए इसे भारत को समृद्धि और आरोग्यता के पथ पर ले जाने वाला बताया। योगी ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर 'खेलो इंडिया' के इन तीनों खिलाड़ियों की चर्चा करते हुए इस उपलब्धि पर गर्व जताया। उन्होंने तुषार चौधरी, कादिर खान और शेख जीशान के शानदार प्रदर्शन को उनके अथक परिश्रम, अनुशासन और संकल्पशक्ति का परिणाम बताया। योगी ने प्रदेश की खेल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन' और 'शहद मिशन' जैसी योजनाओं के समर्थन से शहद उत्पादन में लगभग 60 फीसदी की वृद्धि हुई है, जिससे भारत शहद उत्पादन और निर्यात में अग्रणी देशों में शामिल हो गया है।


उनके मुताबिक, यह अभियान सेहत, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर भारत को समृद्धि और आरोग्यता के पथ पर ले जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने उप्र के जिन खिलाड़ियों की प्रशंसा की है, उनमें बरेली के कादिर खान ने 400 मीटर दौड़ में दो बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर सबका ध्यान खींचा है। वहीं, वाराणसी के शेख जीशान ने ट्रिपल जंप में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता है। इसी प्रकार बिजनौर के तुषार चौधरी ने वेटलिफ्टिंग में 102 किलोभार वर्ग में 289 किलोभार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## स्टार प्लस पर डेब्यू करेंगी निशा मधुलिका

मुंबई/एजेन्सी

मशहूर यूट्यूबर और घर की रसोई में कमाल दिखाने वाली निशा मधुलिका अब टीवी पर कदम रखने जा रही हैं। स्टार प्लस हमेशा से ही हमारे घरों का हिस्सा रहा है, वो कहानियां दिखाकर जिनसे हर उम्र के लोग खुद को जोड़ पाते हैं, चाहे इमोशनल ड्रामा हो या ज़िंदगी से जुड़ी कोई प्रेरक कहानी। अब चैनल अपनी इस ज़बरदस्त लाइनअप में एक नया तड़का लगाने जा रहा है। निशा मधुलिका अब टीवी पर कदम रखने जा रही हैं। निशा ने यूट्यूब पर 1.2 करोड़ से ज़्यादा सब्सक्राइबर्स का दिल जीता है। उनकी वेजिटेरियन रेसिपीज़ और अपनापन आज लाखों घरेलू रसोइयों और फूड लवर्स की पहली पसंद बन चुके हैं। अब यही स्वाद और सादगी वो स्टार प्लस के प्यारे किरदारों और शोज़ के बीच लेकर आ रही हैं। स्टार प्लस का नया प्रोमो लोगों को एक मीठी सी झलक



देता है आने वाले मज़ेदार सफर की।

प्रोमो में निशा मधुलिका रसोई में नज़र आती हैं, खाना बनाते हुए वो सिर्फ रेसिपी नहीं, बल्कि अपनापन, यादें और ज़िंदगी के छोटे-छोटे सबक भी परोसती हैं, वो भी अपने खास अंदाज़ में। उनकी मौजूदगी स्टार प्लस की दुनिया में एकदम फिट बैठती है। वह चैनल के पॉपुलर किरदारों के साथ मिलकर न सिर्फ पकाएंगी, बल्कि दर्शकों को इमोशन, ड्रामा और खाने का तड़का एक साथ देखने को मिलेगा। डिजिटल दुनिया की इस चहेती शेफ का टेलीविज़न से ये मिलन एक ताज़ा और दिलचस्प शुरुआत साबित होने वाला है।



## 'थिएटरः द मिथ ऑफ रियलिटी' का ट्रेलर कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुआ रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

सजिन बाबू लिखित-निर्देशित फिल्म थिएटरः द मिथ ऑफ रियलिटी का ट्रेलर प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 -मार्चे दू फिल्म में लॉन्च किया गया। फिल्म 'थिएटर' का आधिकारिक ट्रेलर दिग्गज फिल्म निर्देशक सुधीर मिश्रा ने रिलीज किया। यह ट्रेलर इंडो-जर्मन फिल्म वीक फेस्टिवल के डायरेक्टर स्टीफन ओटनब्रुक के मुख्य आतिथ्य में जारी किया गया। थिएटरः द मिथ ऑफ रियलिटी के ट्रेलर रिलीज के अवसर पर प्रसिद्ध फिल्मकार डॉ. बिजू दामोदरन, अभिनेता प्रकाश बेरे, अभिनेत्री छाया कदम, ट्रांस-मीडिया कंसल्टेंट एम.एन. गुजर, और भारत, जर्मनी, चीन व फ्रांस के कई जाने-माने फिल्म निर्माता भी उपस्थित थे।

इस अवसर ने फिल्म की पूरी टीम के लिए गर्व और उपलब्धि का एक महत्वपूर्ण क्षण प्रस्तुत किया, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय दर्शकों और फिल्म विशेषज्ञों से ट्रेलर को जबरदस्त सराहना और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म 'बिरयानी' के बाद सजिन बाबू की यह वापसी है। फिल्म 'थिएटर' का निर्माण अंजना फिलिप और फिलिप जकारिया ने अंजना टॉकीज के बैनर तले किया है, जबकि संतोष कोट्टायी सह-निर्माता हैं।

ट्रेलर के लॉन्च पर लेखक-निर्देशक सजिन बाबू ने कहा, कान्स फिल्म फेस्टिवल में होना किसी सपने जैसा लगता है। विश्व सिनेमा के इस मंच पर मलयालम फिल्म इंडस्ट्री का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बेहद गर्व का क्षण है। हमने इस फिल्म में अपना दिल लगाया है, और यहां जिस तरह से लोग इसे अपनाते दिख रहे हैं, वह हमारे लिए बहुत मायने रखता है। फिल्म 'थिएटर' में मुख्य भूमिका में रीमा कल्लिंगल और सरसा बालुस्सेरी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जिन्हें डेन डेविस, प्रमोद वेलियनाड, कृष्णन बालकृष्णन, मेघा राजन, एन सलीम, बालाजी शर्मा, डी. रघुतमन, अखिल कवलयूर, अपर्णा सेन, लक्ष्मी पद्मा, मीना राजन, आरजे अंजलि, मीनाक्षी रवींद्रन, अश्वती, अरुण सोल और रतीश रोहिणी का साथ मिला है। रीमा कल्लिंगल को इस फिल्म के लिए केरल फिल्म क्रिटिक्स अवॉर्ड में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला है।

### मुलाकात



सुप्रिया सुले के नेतृत्व में एक बहुदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को दोहा में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत के वैश्विक कूटनीतिक आउटरीच के हिस्से के रूप में कतर शूरा परिषद के उपाध्यक्ष महामहिम डॉ. हमदा अल सुलैती और अन्य कतरी सांसदों से मुलाकात की।

## 'पुष्पा इम्पॉसिबल' में दर्शकों को रोमांचक सफर देखने को मिलेगा : गौरव चोपड़ा

मुंबई/एजेन्सी

टीवी के जानेमाने अभिनेता गौरव चोपड़ा ने बताया कि सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल के आगामी एपिसोड में दर्शकों को रोमांचक सफर देखने को मिलेगाद्य सोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल के आगामी एपिसोड्स में पुष्पा एक चपरासी घनश्याम (मुकुल श्रीवास्तव) के लिए लड़ाई लड़ने का फैसला करती है, जिसे पिछले 10 वर्षों की सेवा का कोई प्रमाण न होने के कारण पेंशन नहीं दी जा रही है। जब वह उसके साथ कंपनी जाती है, तो उन्हें बेरुखी से बाहर निकाल दिया जाता है। लेकिन पुष्पा हार नहीं मानती। वह अपने हुलिए को बदलकर दोबारा ऑफिस जाती है, इस उम्मीद में कि शायद इस बार उसे गंभीरता से लिया जाए। फिर भी मैनेजर साफ़ मना कर देता है और कहता है कि घनश्याम की नौकरी का कोई रिकॉर्ड नहीं है। बाद में जब पुष्पा कॉलेज की कैंटीन में बैठी होती है, तो वह जिज्ञासावश प्रोफेसर राजवीर शास्त्री की लॉ क्लास में चली जाती है। वहां शास्त्री कहते हैं कि सबूत केवल दस्तावेजों से नहीं होते, घटनाएँ और परिस्थितियाँ भी साक्ष्य हो सकती हैंऔर यही बात पुष्पा के मन में घर कर जाती है। प्रोफेसर राजवीर की भूमिका निभा रहे



गौरव चोपड़ा ने कहा, प्रोफेसर राजवीर के रूप में मेरा मानना है कि न्याय केवल कागज़ों में नहीं होता। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि कोई सच्चाई को किस तरह पेश करता है। पुष्पा का अपारंपरिक दृष्टिकोण राजवीर की ठोस सोच को चुनौती देता है और यहीं से कहानी रोचक बनती है। यह केवल एक कानूनी लड़ाई नहीं है, यह विचारधाराओं, बुद्धिमत्ता और दृढ़ संकल्प की टक्कर है। दर्शकों को एक रोमांचक सफर देखने को मिलेगा, जहाँ पुष्पा सही के लिए खड़ी होती है और राजवीर जैसे इंसान को भी चौंका देती है। पुष्पा इम्पॉसिबल, हर सोमवार से शनिवार, रात 9 बजे, सिर्फ सोनी सब पर प्रसारित होता है।



## विक्रांत मैसी ने श्री श्री रविशंकर प्रसाद पर आधारित महावीर जैन और माफ्लिक्स पिक्चर्स की अंतर्राष्ट्रीय थ्रिलर फिल्म 'व्हाइट' की तैयारी शुरू की

मुंबई/एजेन्सी

प्रभावशाली सिनेमा के पीछे दूरदर्शी निर्माता महावीर जैन और वैश्विक अपील वाली अत्याधुनिक फिल्में देने के लिए मशहूर सिद्धार्थ आनंद की माफ्लिक्स पिक्चर्स, फिल्म 'व्हाइट' बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं, एक अंतरराष्ट्रीय थ्रिलर जो विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर प्रसाद के जीवन और शिक्षाओं पर गहराई से प्रकाश डालती है। विक्रांत मैसी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'व्हाइट' में मनोरंजक कहानी और गहन आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि का मिश्रण होने का वादा किया गया है, जो सामाजिक रूप से जागरूक और वैश्विक रूप से प्रासंगिक फिल्म निर्माण में एक साहसिक अध्याय की नई शुरुआत करेगी। फिल्म की टीम ने अब इसकी गहन तैयारी शुरू कर दी है, जो एक प्रामाणिक और इमर्सिव सिनेमाई यात्रा की नींव रखेगी। इस तैयारी के हिस्से के रूप में, महावीर जैन ने व्यक्तिगत रूप से बेंगलुरु में आर्ट ऑफ़ लिविंग आश्रम की एक महत्वपूर्ण दौरा किया। प्रशंसित अभिनेता विक्रांत मैसी, जो श्री श्री रविशंकर की भूमिका निभा रहे हैं, उन्होंने प्रतिष्ठित 'हैप्पीनेस प्रोग्राम' में भाग लिया, जो श्री श्री रविशंकर प्रसाद द्वारा स्वयं स्थापित एक सिग्नेचर ब्रीदवर्क और मेडिटेशन कोर्स है।

आश्रम से साझा की गई एक तस्वीर इस शांतिपूर्ण क्षण को खूबसूरती से दर्शाती है, जिसमें पूरी टीम सफेद वस्त्रों में आध्यात्मिकता की भावना को समर्पित नज़र आती है। कैप्शन में लिखा है, हृदय कृतज्ञता से भरा हुआ इस ज्ञान के लिए आभारी गुरुदेव श्री श्री रविशंकर प्रसाद। परियोजना के मूल में गहरी श्रद्धा और कृतज्ञता को दर्शाता है। मोंटू बासी द्वारा निर्देशित यह फिल्म जुलाई में कोलंबिया में शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार है, 'व्हाइट' महावीर जैन फिल्म्स और माफ्लिक्स पिक्चर्स का एक महत्वाकांक्षी और दूरदर्शी प्रयास है। सामाजिक प्रभाव और भव्य सिनेमा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, महावीर जैन और सिद्धार्थ आनंद ऐसे फिल्में बना रहे हैं जो आकार, गहराई और सामाजिक चेतना तीनों को साथ लेकर चलती हैं।

## रश्मिका को अच्छी लगती है बारिश की भीनी खुशबू

मुंबई/एजेन्सी

बारिश की पहली बूंदों की भीनी-भीनी सी खुशबू हर किसी को बहुत भाती है। मशहूर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को भी पहली बारिश की खुशबू बहुत पसंद है। लेकिन उन्होंने बारिश से होने वाली असुविधा को निराशाजनक बताया। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें पहली बारिश की खुशबू बहुत पसंद है, लेकिन उन्हें यह अच्छा नहीं लगता कि बारिश की वजह से सब कुछ धीमा हो जाता है। रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर बारिश का एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो पर एक लाइन लिखी है, ''जब बारिश होती है तो मिट्टी की खुशबू आती है।''

इस वीडियो को शेयर करते हुए रश्मिका ने लिखा, ''तो बारिश आ गई है... मुझे यह अच्छा नहीं लगता कि बारिश की वजह से सब कुछ



थोड़ा धीमा हो जाता है, लेकिन कसम से! पहली बारिश की खुशबू सबसे अच्छी होती है और वह एहसास भी कमाल का होता है। यह सबसे प्यारा लगता है।'' वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका की झोली में कई फिल्में हैं, जिसमें आदित्य सरपोतदार की 'थामा', जिसमें आयुष्मान खुराना लीड रोल में हैं, साथ ही 'कुबेरा', 'पुष्पा 3', 'द गर्लफ्रेंड' और 'रेनबो' भी शामिल हैं। 20 मई को, रश्मिका ने जी सिने अवॉर्ड्स 2025 के रेड कार्पेट पर वॉक किया था। लुक की बात करें तो इस दौरान वह ब्लैक कलर की खूबसूरत मॉडर्न साड़ी में नजर आईं। इसके साथ उन्होंने डीप स्वीटहार्ट नेकलाइन वाला डिजाइनर ब्लाउज पहना हुआ था।

इसके अलावा, गोल्डन हार्ट शेप की बालियां फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच रही थीं। शानदार लुक पाने के लिए उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा हुआ था। अपने इस लुक की तस्वीरें रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, ''काफी समय बाद मैं फिर से रेड कार्पेट पर गई... आप सबका इतना प्यार मिल रहा है, जिससे मेरा दिल बहुत खुश है। बस आपको दिखाना चाहती थी कि उस दिन मैंने क्या पहना था...''

## स्टार प्लस के शो 'जादू तेरी नजर- डायन का मौसम' में मोनालिसा की एंट्री

मुंबई/एजेन्सी

स्टार प्लस के शो 'जादू तेरी नजर - डायन का मौसम' में जानीमानी अभिनेत्री मोनालिसा की एंट्री हो गयी है। स्टार प्लस अपने नये सीरियल 'जादू तेरी नजर - डायन का मौसम' के साथ फिर से टीवी कहानियों में नया रंग भरने आ रहा है। यह शो अपने दिलचस्प ट्विस्ट के साथ दर्शकों को चौंका देने वाला है।

कहानी में छुपे रहस्यों, जुनून और अचानक बने रिश्ते के बीच एक नई ताकत उभरने वाली है, जो पूरी खेल की दिशा ही बदल देगी। इस सीरियल की हर एपिसोड में ड्रामा और रोमांच का नया पहलू देखने को मिलेगा। इस शो में मोनालिसा की एंट्री हो गयी है।

मोनालिसा ने कहा, मैं स्टार प्लस के इस जबरदस्त शो का हिस्सा बनकर बेहद उत्साहित हूं! दोबारा स्क्रीन पर आना और वो भी इतने दमदार और रोमांचक किरदार में, वाकई में खास है। मैंने हमेशा



अपने दर्शकों को चौंकाना पसंद किया है, और इस बार मैं वादा करती हूं कि यह पहले से भी बड़ा और धमाकेदार होगा। मेरी एंट्री शो में नई ऊर्जा लेकर आएगी, ऐसे ट्विस्ट और टर्न्स जो कोई सोच भी नहीं सकता। असली ड्रामा अब शुरू हुआ है। इस नए सफर के ज़रिए अपने फैंस से जुड़ने का मुझे बेसब्री से इंतज़ार है। हर सीन आपको चौंकाएगा, इसलिए जुड़े रहिए... क्योंकि अब कहानी और भी दिलचस्प मोड़ लेने वाली है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

उन्माद में व्यक्ति विवेक शून्य होकर बड़े से बड़ा अनर्थ करने में गर्व महसूस करता है यह सबसे बड़ा पाप है। धर्मात्मा पर जब उन्माद का भूत सवार होता है तो वह शैतान और राक्षस के बराबर हो जाता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक उन्माद अत्यंत खतरनाक है और आतंकवाद का निर्माता है। धार्मिक उन्माद में अंधा बना हुआ व्यक्ति अपने और पराए का ध्यान नहीं रखता। उसके लिए अंधेरा और प्रकाश एक समान हो जाता है। धर्म प्रकाश स्वरूप है जबकि धार्मिक उन्माद तम स्वरूप है। दोनों एक साथ नहीं रह सकते।






# ग्रोथ के लिए नई सोच, नये चिन्तन की बने अवधारणा : मुनि मोहजीतकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। मुनिश्री मोहजीतकुमारजी के सान्निध्य में तेरापंथ सभा, किलपॉक के तत्वावधान में प्रिंस गेलड़ा गार्डन में रविवार को थिंक डिफरेंट वर्कशॉप के प्रथम चरण में 'विकास की सौगात, प्रकटे नव प्रभात' कार्यशाला का आयोजन किया गया।

नमस्कार महामंत्र समुच्चारण से शुभारम्भ कार्यशाला में मुनि भव्यकुमार ने मंगलाचरण किया। धर्मपरिषद् को सम्बोधित करते हुए मुनिश्री मोहजीतकुमारजी ने कहा कि संसार के अनन्त आकाश को देखने के लिए धरती से आगे बढ़ना होगा।

नर्सरी का पौधा सीमित सीमा में रहता है, वही जंगल का पौधा सीमातीत विकास को पा सकता है। वह आंधी-तूफान में खड़े रहने के लिए अपनी जड़ों को बढ़ता जाता और वह बड़ा बनकर अधिक वर्षों तक खड़ा रहता हुआ, फल- फूल देता रहता है। उसी तरह व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत विकास के साथ पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक व आध्यात्मिक विकास के लिए नई सोच, नये चिन्तन की अवधारणाओं को बढ़ना चाहिए। नवीनता के लिए अतीत की स्मृतियों को साथ लेकर ग्रोथ को पाया जा सकता है। विकास के लिए संवेगों पर अंकुश, सहिष्णुता- सामंजस्य को बढ़ाना, करुणा की चेतना को जागृत कर ही सत्य के सत्व को प्राप्त किया जा सकता है। मुनि ने आगे कहा कि तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्यों ने समय के साथ परिवर्तन करते हुए संघ को नवीन विकास के पायदानों पर बनाये रखा है।

मुनि जयेशकुमार ने कहा कि 'वि' यानि विवेक हमारे हर कार्य के साथ विवेक जुड़ा हो। हमारा सहयोगी, सहभागी, मित्र विवेकशील होना ही चाहिए्। उसकी कुछेक बाते हमे कटु लग सकती है, पर वे हमें प्रेरणा देते हैं, सद्बुद्धि देते हैं, संबोध देते हैं। 'का' यानि काल। भगवान महावीर ने कहा 'काले कालम समायरे' अर्थात जिस कार्य का जो समय निर्धारित है, उसी समय में वो कार्य करने पर हम निष्पत्ति को प्राप्त कर सकते हैं। काल सबसे मूल्यवान है, अतः हर क्षण का प्रायोरिटी के साथ में उपयोग करना चाहिए्। 'स' यानि सकारात्मक दृष्टिकोण- हमारी एनर्जी को सही जगह संरक्षित रखना चाहिए्। दूसरों को खुश करने की अपेक्षा, स्वयं अपने आप को पॉजिटिव वेय में रखकर आगे बढ़ना चाहिए। अपनी शक्ति, शांति को सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाएं।

किलपॉक सभा मंत्री विजय सुराणा, विजयराज कटारिया ने भी अपने विचार व्यक्त किए। यह जानकारी स्वरूप चन्द दाँती ने प्रदान की।



# अमृता एविएशन कॉलेज के छात्रों द्वारा 'फैशनिस्टा' का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। अमृता एविएशन कॉलेज के उत्साही छात्रों द्वारा कैंपस परिसर में अपनी प्रतिभा एवं आत्मविश्वास को दर्शाने हेतु फैशन वीक फैशनिस्टा 2025 का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीडिया सेलिब्रिटी तथा सौंदर्य प्रतियोगिताओं की पैनल जज अनीता सम्पत थी। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्रों ने केबिन क्रु की वर्दी पहन कर मॉडल विमान से उतरकर रैंप पर चलकर शानदार प्रदर्शन कर अतिथियों का दिल जीत लिया।

फैशनिस्टा के इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडलों में अंतरराष्ट्रीय मॉडल एवं सौंदर्य प्रतियोगिताओं के कोच थॉमस राज पर्पल फैशन वीक की संस्थापक सुश्री अमृत सहित मिस पर्ल आइकॉन 2025 तथा मिस साउथ इंडिया 2025 उपस्थित रही। निर्णायक मंडलों के पैनल ने प्रतिभागी समूहों में से विजेता टीमों का चयन कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके प्रयासों की सराहना की।

यह कार्यक्रम अमृता एविएशन कॉलेज द्वारा अपने छात्रों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के अवसर को आगे बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया ।

## सुन्दरकांड पाठ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तिरपुरु में 25 मई रविवार को 1415वां सुन्दरकांड का पाठ मां दुर्गा भक्त मंडल के तत्वावधान में राधानगर के संतराम तिवारी के निवास पर आयोजित किया गया। सुन्दरकाण्ड पाठ गणेश वन्दना एवं मन्त्रोच्चारण करके पाठ चालू किया पाठ में काफी संख्या मे श्रद्धालु भक्त आए। मां दुर्गा भक्त मंडल कि और से उपाध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने संतराम तिवारी के परिवार का आभार वयक्त किया और बताया कि सात्विक विचारों कि यही प्रेरणा है। मां दुर्गा भक्त मंडल एक एसी संस्था है जो निस्वार्थ एवं निशुल्क पूरे तिरुपुर जिले में प्रत्येक रविवार को घर-घर जाकर भक्ति की प्रेरणा देकर सभी को धर्म के मार्ग पर लाने के लिए प्रेरित करती है।



# ब्यावर एसोसिएशन का छात्रवृत्ति वितरण समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। ब्यावर एसोसिएशन ट्रस्ट का 20वां छात्रवृति वितरण समारोह 25 मई को किलपॉक के भवनस स्कूल ऑडिटोरियम मैं रखा गया। सर्व प्रथम अध्यक्ष अजीतकुमार गोठी ने सभी दान दाताओं का स्वागत अभिनंदन और आभार व्यक्त किया। अपने जन्म दिवस पर सी का आशीर्वाद मांगा और अपनी और से अर्थ सहयोग की घोषणा भी की। उन्होंने सभी अभिभावकों को ट्रस्ट को सेवा का अवसर दिया इसलिए धन्यवाद दिया।

चेयरमैन फूलचंद नाहर ने बताया कि ब्यावर एसोसिएशन एवं ब्यावर यूथ के सदस्यों के सक्रिय सहयोग से प्रतिवर्ष सम्पादित इस जनहित सुकार्य के बीसवें वर्ष में 550 छात्रों को लगभग 20 लाख की राशि वितरित की गई उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों हेतु उनका आभार किया सहचेयरमैन महावीर पारख का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

मुख्य अतिथि मोहन गोयनका ने अपने उद्बोधन में छात्रों को विद्या के मूल्य को जीवन में कैसे उतरना और उसकी महत्वता कितनी है जिससे जीवन पथ पर अग्रसर हो सकते है इस पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि हरीश कवाड़ ने अभिभावकों को विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम कर जीवन में एक लक्ष्य हासिल करने हेतु कड़ी मेहनत की प्रेरणा दी। विशिष्ठ अतिथि पारसमल सुराना ने सभी विद्यार्थियों के भविष्य की मंगल कामना करते हुए बेस्ट को बैटर बनाने हेतु जोर दिया और अपनी सोच को अधिक विकसित करने हेतु आवाहन किया।

सुनील खेतपालिया, दीपचंद लूनीया (पपुसा), प्रवीण टाटिया, गौतम चंद कांकरिया, सुशील जैन, मीना महेंद्र ढड्ढा के अलावा ब्यावर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद रांका, पुखराज गुलेचा, रिखब चंद बोहरा, प्रेम चंद बोकडियाआदि अनेकों गणमान्य व्यक्तियों द्वारा छात्रों को चैक प्रदान किए गए। प्रकाशचंद प्रवीण ललवानी परिवार द्वारा 5 लैपटॉप और 5 टैब भी दिए गए। सचिव राजेश बोहरा ने सभी ज्ञान सूर्य, ज्ञान स्तंभ, ज्ञान पूंज, ज्ञान ज्योति के दान दाताओं का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन अजय नाहर ने किया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के पश्चात सभी को छाछ और मिठाई वितरित की गई।

## विरोध



चेन्नई में औद्योगिक प्रदूषण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और इसके हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए निवासियों ने कोडुंगैयर में मानव श्रृंखला बनाई।



# राजस्थली क्लब के अध्यक्ष बने नरेन्द्र बैद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। रविवार को राजस्थली क्लब की 27वीं साधारण सभा का आयोजन एक होटल में किया गया। मंगलाचरण से शुरु हुईसदन की कार्रवाई में सभी कास्वागत अध्यक्ष गुलाब गुलगुलिया ने किया। मंत्री सुरेश तातेड़ ने पिछले साल किए गए कार्यों का उल्लेख किया सदन द्वारा उसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

कार्यवाहक कोषाध्यक्ष अनिल बोथरा द्वारा आय व्यय का ब्यौरा दिया गया जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। उसके बाद सत्र 2025-27 के लिए सर्वसम्मति से नरेन्द्र बैद को अध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं नरेंद्र बैद ने अशोक तातेड़ को मंत्री एवं लक्ष्मीपत बैद को कोषाध्यक्ष बनाया। संचालन संतोष सेठिया ने किया।





# मायुम बेंगलूरु ने किया मासिक अन्नदान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु शाखा ने शनिवार को डेयरी सर्कल के पास निम्हांस अस्पताल परिसर में एक हजार लोगों को अन्नदान किया। कार्यक्रम के संयोजक रूपेश केडिया ने बताया कि संस्था ने यह आयोजन 'आनंद सब के लिए' कार्यक्रम के अंतर्गत किया जो हर माह किया जाता है । मायुम सदस्यों ने मरीजों के परिजनों को और हॉपिटल में आनेजाने वाले राहगीरों को पूर्व अध्यक्ष बिकास-अमित पोद्दार के सौजन्य से दोपहर का भोजन वितरित किया। इस मानवसेवा के कार्य के मौके पर पूर्व अध्यक्ष स्नेहकुमार जाजू अंकित मोदी, बिकास पोद्दार सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## उद्घाटन



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को संबलपुर के दुर्गापाली में एक नए रेलवे ओवरब्रिज का उद्घाटन किया।



# श्रीराम कथा के आयोजन के लिए शहर में दिखने लगा उत्साह

## तैयारी बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई गहन चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर में पहली बार श्रीराम कथा श्रवण कराने हेतु ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित सनातन जागरण की अलख जगाने वाले पद्मविभूषित जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य महाराज के आगमन होने से सनातन धर्मप्रेमियों में उत्साह की लहर है। स्थानीय श्रीराम परिवार दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में श्रीराम कथा का आयोजन 9 जून से पैलेस ग्राउंड के प्रिंसेज श्राइन सभागार में होने जा रहा है। श्रीराम कथा की तैयारी धीरे धीरे ज़ोर पकड़ने लगी है और सनातन जागरण के इस अभियान से विभिन्न समाजों एवं संस्थाओं के उदारमना लोग जुड़ रहे हैं्। शनिवार को गोडवाड़ भवन में आहूत श्रीराम परिवार की तैयारी बैठक में श्रीराम कथा के आयोजन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ और कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई्।

बैठक में यह सुझाव भी आया कि नौदिवसीय श्रीराम कथा के भंडारे की एक-एक दिन की ज़िम्मेदारी विभिन्न समाज मिलकर उठाएँ। इसके लिए पारीक समाज, गौड़ ब्राह्मण संघ, श्री बालाजी सेवा समिति, गोपी कृष्ण कीर्तन मण्डल, हरीशचंद झा की ओर से सहमति प्रदान की गई्। इसके अलावा कथा यजमान बनने एवं विभिन्न सेवाओं में सहयोग के लिए भर चर्चा हुई्। संस्था के अध्यक्ष मिथिलेश तिवारी ने कहा कि रामकाज में सबका सहयोग एवं सहभागिता ज़रूरी है, इसलिए विभिन्न समाजों से निरंतर संपर्क किया जा रहा है। माहेश्वरी समाज, अग्रवाल समाज, सीरवी समाज, वैष्णव समाज आदि श्रीराम कथा में सहयोग के लिए आगे आए हैं्। इस अवसर पर एकल श्रीहरि वनवासी फाउंडेशन बेंगलूरु चैप्टर के अध्यक्ष सुरेश मोदी, गौड़ ब्राह्मण संघ के चुन्नीलाल नाथोलिया, रामस्वरूप चौधरी, अग्रवाल समाज के राजकुमार अग्रवाल, राजकुमार कन्दोई, श्रीराम परिवार के कोषाध्यक्ष राजेश द्विवेदी, सहसचिव राजीव शुक्ला सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक के सचिव अजयप्रकाश पाण्डेय ने सभी को धन्यवाद दिया।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.